# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 64 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 02 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**

नोएडा में 2 और ग्रेनो में 7 फरवरी को महापंचायत



**P- 4**

ले जनरल कविता सहाय बनी एएमसी लखनऊ की पहली महिला कमांडेंट



**P- 5**

ब्रिटेन के पूर्व जासूस के खिलाफ ट्रंप की याचिका को कोर्ट ने किया खारिज,



**P- 6**

सरफराज या पाटीदार में से किसी एक का चयन करना कठिन : राठौड



## हैप्पी मॉर्निंग

संता ने चैलेंज किया कि वह कुतुब मीनार को सिर पर रख कर मुंबई ले जा सकता है।
इस पर सारी मीडिया वहां पहुंच गई...!
संता ने मीडिया से कहा- मैं ये कर तो सकता हूं,
बस कोई कुतुब मीनार उठा के उसके सिर पर रख दे,,,



## शायरी

इस बार इंतिज़ाम तो सर्दी का हो गया
क्या हाल पेड़ कटते ही बस्ती का हो गया

## अर्थसार

सेंसेक्स:
71,645.30
-106.81 (0.15%)
निफ्टी:
21,697.45
-28.25



## मौसम



अधिकतम : 17 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूयोदय शनिवार : 7 : 15
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 06

# न टैक्स में राहत, न फसलों की एमएसपी बढ़ी

## मिडिल क्लास के लिए हाउसिंग स्कीम, रूफटॉप सोलर से 300 यूनिट तक फ्री बिजली

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'सबका साथ, संसद में कल अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया लेकिन ये अंतरिम ही रहा। न टैक्स बदला, न बड़ी घोषणाएं। हालांकि सीतारमण 8 हफ्ते पहले ही बोल चुकी थीं कि साल चुनावी है, तो बजट अंतरिम ही रहेगा। यानी असली बजट जून-जुलाई में नई सरकार की वित्त मंत्री पेश करेंगी या करेगा। तब जो भी वित्त मंत्री बने। वित्त मंत्री करीब 58 मिनट बोलीं। इस दौरान सबसे ज्यादा 42 बार टैक्स और इतनी ही बार पीएम शब्द दोहराए। पर डायरेक्ट या इंडायरेक्ट, किसी भी तरह के टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया। हां पीएम से शुरू होने वाली योजनाएं खूब सारी गिनाई। सीतारमण का ये छठा बजट था। इसमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता, यानी किसान फोकस में दिखे।

### इनकम टैक्स : स्लैब में कोई बदलाव नहीं

इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं मिली। पुरानी टैक्स रिजीम पर 2.5 लाख रुपए तक की कमाई ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि सेक्शन 87ए के तहत 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बच सकता है।

नई टैक्स रिजीम पर भी पहले की तरह 3 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री है। इसमें 87ए के तहत सैलरीड पर्सन रु 7.5 लाख रुपए तक और बाकी रु 7 लाख तक की कमाई पर छूट ले सकते हैं।

### महिला : 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का टारगेट

महिलाओं के लिए उम्मीद से कम घोषणाएं हैं। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की बच्चियों को फ्री टीका लगाया जाएगा।

सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा।

### किसान : फसलों की एमएसपी का दायरा नहीं बढ़ा

फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) का दायरा नहीं बढ़ाया है। वहीं, साल में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है।

सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर को रु 1.27 लाख करोड़ दिए हैं, जो पिछली बार के मुकाबले केवल 2 प्रतिशत ही ज्यादा है। पिछली बार एग्रीकल्चर बजट में रु 1.25 लाख करोड़ मिले थे।

### शिक्षा-रोजगार : 1 लाख करोड़ का कॉर्पस फंड

शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। हालांकि रु 1 लाख करोड़ के कॉर्पस फंड का ऐलान किया है।

इससे 50 साल तक की अवधि के लिए इंट्रेस्ट फ्री लोन दिया जाएगा।

### डिफेंस : पिछले साल के मुकाबले 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी

डिफेंस खर्च के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह पिछले साल से केवल रु 0.27 लाख करोड़ यानी 3.4 प्रतिशत ज्यादा है।

हालांकि अंतरिम बजट में सबसे बड़ा हिस्सा डिफेंस का ही है। इसे कुल बजट का 8 प्रतिशत मिला है। सरकार डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करेगी, ताकि देश हथियारों के लिए आत्मनिर्भर बने।

### इन्फास्ट्रक्चर : मेट्रो और नमो भारत प्रोजेक्ट बढ़ेंगे

मेट्रो और नमो भारत जैसे प्रोजेक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। देश में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के अलावा 3 और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। साथ ही 40 हजार रेल कोचेस को वंदे भारत स्टैंडर्ड का बनाया जाएगा।

कोयले से गैस बनाने की कैपेसिटी 2030 तक 100 मीट्रिक टन की जाएगी, ताकि नेचुरल गैस, मेथेनॉल और अमोनिया के इम्पोर्ट का खर्च घटे।

वित्त मंत्री ने जी-20 समिट के दौरान घोषित इंडिया-मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर को भारत और दुनिया के लिए गेमचेंजर बताया। हालांकि इसकी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं कहा।

### सरकार की कमाई और खर्च का हिसाब

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले फाइनेंशियल ईयर यानी 2024-25 में सरकार की कमाई रु 30.80 लाख करोड़ (उधारी छोड़कर) और खर्च रु 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।


वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में सरकार को टैक्स कलेक्शन से कुल रु 26.02 लाख करोड़ मिलने का अनुमान है।

## क्या सस्ता क्या महंगा

नई दिल्ली। इस बार बजट में कुछ भी सस्ता या महंगा नहीं हुआ है। ऐसा क्यों? ऐसा इसलिए क्योंकि 2017 में लागू किए गए तस्ज्ञ के बाद से बजट में केवल कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाया या घटाया जाता है, जिसका असर गिनी-चुनी चीजों पर पड़ता है। तो इस बार सरकार ने कस्टम ड्यूटी या एक्साइज ड्यूटी में कोई भी बदलाव नहीं किया है। ऐसे में यहां हम बीते एक साल में आम जरूरत की चीजों के दाम कितने बढ़े या घटे उसके बारे में बता रहे हैं। बीते एक साल में तुअर दाल 110 रुपए से बढ़कर 154 रुपए किलो पर पहुंच गई। वहीं चावल 37 रुपए से बढ़कर 43 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। इसी तरह रोजाना उपयोग होने वाले सामान जैसे दूध, शक्कर, टमाटर और प्याज के दाम भी बढ़े हैं।

# विपक्ष ने बजट को बताया निराशाजनक









**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विपक्ष ने अगले वित्त वर्ष के अंतरिम बजट को निराशजनक और अमीरों का बजट बताते हुये कहा है कि इसमें महंगाई तथा बेरोजगारी की समस्या से निपट के लिए कुछ नहीं है।

लोक सभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को निराशाजनक बताते हुये शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री हरसिमरत कौर ने कहा, एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है और दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

कौर ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि मोदी सरकार ने वादा किया था कि किसानों की आय दुगुनी की जायेगी, लेकिन इस सरकार के 10 साल के कार्यकाल में आज किसानों की हालत क्या हो गयी है, यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने सवाल किया, कितने किसानों की आय दुगुनी की गयी है?

उन्होंने कहा कि बजट में अहंकार नजर आ रहा है। बजट के दौरान यह भी कहा गया, हम जुलाई में बजट पेश करेंगे।

आप किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं ले सकते। आज आपके पास मौका था कि पिछले 10 सालों में किये गये वादों को पूरा करें न कि जनता को और सपने दिखायें।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि यह अंतरिम बजट है, असली बजट तो जुलाई में आयेगा।

उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि पर्यटन बढ़े, वतन आगे बढ़े, महंगाई कम हो और रोजगार के अवसर बढ़ें।

शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की नेता एवं सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने बजट को अमीरों के हितों की रक्षा करने वाला करार देते हुये कहा कि सर्दी के इस मौसम में पूरा ठंडा पानी बिखेर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आसमान छूती महंगाई के लिये बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिये कुछ नहीं कहा गया है।

# फोन में गंदे वीडियो देखने पर बेटे की हत्या

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के सोलापुर में एक पिता ने फोन में गंदे वीडियो देखने पर अपने बेटे की हत्या कर दी। शख्स बेटे की गलत हरकतों से काफी परेशान रहता था।

स्कूल में भी बेटे के खिलाफ लड़कियों से छेड़खानी की शिकायतें मिलती थीं। इससे परेशान होकर शख्स ने बेटे को कोल्ड ड्रिंक में जहर दे दिया। फिर शव को नाले में छुपा दिया।

फिलहाल पुलिस ने आरोपी पिता को अरेस्ट कर लिया है। पिता की पहचान विजय बट्टू के रूप में हुई है, जो टेलर का काम करता है और सोलापुर शहर में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता है।

### पिता ने खुद ही बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई

आरोपी पिता ने शुरू में अपने बेटे विशाल की हत्या की बात अपनी पत्नी के साथ-साथ पुलिस से भी छुपाई थी। 13 जनवरी को, विजय और उनकी पत्नी अपने बेटे की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन गए।

उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कुछ दिनों बाद, पुलिस को लड़के का शव दंपति के घर के पास एक नाले में मिला।

**साजिश**

## पहले कांवड़ पथ पर अवशेष डलवाए, फिर थाने पर धरना देने पहुंचा; इलेक्ट्रानिक सर्विलांस में रिकॉर्ड हुई साजिश

# एसएचओ को हटवाने के लिए बजरंग दल नेता ने कटवा दी गाय

मुरादाबाद। मुरादाबाद में बजरंग दल का जिला प्रमुख सुमित उर्फ मोनू विश्नोई बजरंगी 3 साथियों समेत गोकशी के मामले में पकड़ा गया है। मोनू विश्नोई ने ये साजिश छजलैट के एसएचओ को हटवाने के लिए रची थी। लेकिन पुलिस के इलेक्ट्रानिक सर्विलांस में वो धरा गया। उसके दो साथी अभी भी फरार हैं। स्स्कने दोनों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया है। सुमित उर्फ मोनू विश्नोई मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना प्रभारी पर मनचाहे काम कराने के लिए प्रेशर बना रहा था। एसएचओ के इंकार कर देने पर उसने उसे हटवाने की ठान ली थी। मोनू ने प्लानिंग के तहत छजलैट क्षेत्र में



15 दिन के भीतर 2 स्थानों पर गायों के अवशेष फेंकवाए थे। मोनू ने कांवड़ पथ पर भी गाय कटवाकर उसके अवशेष फेंकवाए थे। इसके बाद वो थाना क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं बढ़ने का हवाला देकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ छजलैट थाने पर धरना प्रदर्शन करने भी पहुंच गया था। वो लगातार यही मांग कर रहा था कि गोकशी रोकने में नाकाम छजलैट के थाना प्रभारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

### 16 जनवरी को कांवड़ पथ पर मिले थे गाय के अवशेष

मुरादाबाद में हरिद्वार हाईवे पर अगवानपुर से कांठ तक कांवड़ पथ बना है। कांवड़ के दिनों में कांवड़िए इस पथ का इस्तेमाल करते हैं। 16 जनवरी को कांवड़ पथ पर छजलैट थाना क्षेत्र में समदपुर चौराहे के पास एक गाय का सिर और खाल पड़ी मिली थी। सूचना देने वाले ने पुलिस को बताया था कि वो 10 मिनट पहले उस रास्ते से गुजरा तो कुछ नहीं था लेकिन 10 मिनट बाद वहां गाय के अवशेष पड़े मिले। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी। लेकिन पड़ताल में मौके पर गोकशी होने के कोई अवशेष नहीं मिले। छानबीन में पता चला कि किसी दूसरे स्थान से अवशेष लाकर कांवड़ पथ पर डाले गए हैं।

### 29 जनवरी को फिर कटी गाय, मौके पर लोअर में मिला पर्स

29 जनवरी को छजलैट थाने के गांव चेतरामपुर के जंगल में फिर से गाय के अवशेष पड़े मिले। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें मौके पर गाय की कटी हुई गर्दन, पशु काटने के उपकरण और एक लोअर घटनास्थल पर पड़ा मिला। लोअर की जेब में एक पर्स था। कुछ पैसे भी रखे थे। इसमें एक फोटो और डायरी भी पुलिस को मिली थी।डायरी पर महमूद और अजहर के नाम और मोबाइल नंबर थे।

# लखनऊ में बूंदाबांदी, तेज हवा, वेस्ट यूपी में गिरे ओले

## इतने ओले गिरे कि जमीन पर बिछी सफेद चादर; फसलों को हुआ नुकसान

कानपुर। यूपी में घने कोहरे के बीच बारिश और ओलावृष्टि का भी अलर्ट है। लखनऊ में दिनभर बदली छाई रही। शाम को तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। इसी बीच सहारनपुर में दोपहर साढ़े 12 बजे जमकर ओले गिरे। इसके अलावा मथुरा, बरेली और सहारनपुर, नोएडा, गाजियाबाद में रातभर बारिश हुई।

बरेली में बुधवार रात 11 बजे से गुरुवार तड़के 5 बजे तक बारिश के साथ बिजली कड़कती रही। वहीं, मथुरा में रातभर बारिश के बाद सुबह धूप खिली है। मौसम विभाग का मानना है कि यूपी के अन्य कई जिलों में बारिश-ओले गिर सकते हैं।

### सहारनपुर में ओले गिरने से जमीन पर सफेद चादर बिछी

सहारनपुर में कई दिन से मौसम बनता-बिगड़ता दिख रहा था। बुधवार रात हल्की बारिश शुरू हुई, लेकिन बृहस्पतिवार सुबह मौसम ने करवट बदली। सुबह गर्मी के साथ सूरज भी निकला। लेकिन करीब साढ़े 12 बजे आसमान में काले बादल छा गए और ओले गिरने लगे। ओलों ने कुछ समय के लिए धरती को सफेद चादर जैसे ढंक दिया। किसानों का कहना है कि ओले गिरने से फसलें बर्बाद हो गई हैं।





उधर, सहारनपुर में बारिश से अधिकतम तापमान 16 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बरेली में सुबह न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया। यहां आज भी 19 मीमी बारिश होने का अनुमान है। मथुरा में सुबह का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा है, जिसके दिन में 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### बर्फीली हवाएं बनाए हुए हैं ठंडक

प्रदेश के ज्यादातर शहरों में बादल होने की वजह से हल्की लेकिन बर्फीली हवाएं चलीं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी मामूली कमी आई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों तक बदल छाए रहेंगे। मौसम में फिलहाल कोई खास बदलाव नहीं दिखेगा।

वहीं, प्रदेश में 24 घंटे में अधिकतम तापमान 22.8 से 22 डिग्री सेल्सियस हो गया। यह सामान्य से 2.0 डिग्री अधिक है। ऐसे ही न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री से घटकर 6.6 डिग्री सेल्सियस हो गया। यह सामान्य से 2 डिग्री कम है। न्यूनतम पारा अभी भी 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है।




# सौर क्रांति की शुरुआत

आंकड़े गवाह हैं कि भारत को जितने कच्चे तेल की जरूरत है, उसके 86 फीसदी से ज्यादा का वह आयात करता है। दरअसल, भारत की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता का तकरीबन आधा हिस्सा कोयला-आधारित है। ऐसे में, अर्थव्यवस्था की गति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत ज्यादा से ज्यादा कोयले का उत्पादन करे, ताकि कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों को ईंधन मिलता रहे। लेकिन इससे होने वाले वायु प्रदूषण का क्या, जो खासकर शहरों के निवासियों के लिए प्राणघातक बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि वैश्विक ऊर्जा की कुल मांग का 25 फीसदी हिस्सा अगले दो दशकों में भारत से होने की उम्मीद है।

जाहिर है कि ये आंकड़े सौर ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं। भारत के ज्यादातर हिस्सों में साल के तीन सौ दिनों तक धूप रहती है। यही वजह है कि सौर ऊर्जा उत्पादन को 70 गीगावॉट से ज्यादा बढ़ाते हुए भारत सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया में चौथे पायदान पर है और 2030 तक इसका 280 गीगावॉट बिजली पैदा करने लक्ष्य भी है।

इसमें कतई संदेह नहीं कि वर्तमान क्षमता और इस लक्ष्य के बीच अंतराल बड़ा है। लेकिन यह भी गौर करने लायक है कि राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान द्वारा मूल्यांकित 748 गीगावॉट क्षमता का फकत दसवां हिस्सा ही फिलहाल उपयोग में लाया जा रहा है। बदलाव की क्रांति के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास करने होते हैं।

भारत में सौर ऊर्जा की कहानी महज मेगावॉट की महत्वाकांक्षाओं में सिमट गई है, जिनमें रूफटॉप सोलर क्रांति खो-सी गई है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद का अनुमान है कि भारत में आवासीय छतों पर सोलर रूफटॉप के जरिये करीब 637 गीगावॉट बिजली पैदा की जा सकती है। जाहिर है कि हम महत्वपूर्ण लक्ष्यों से चूक रहे हैं। 2015 में सरकार ने रूफटॉप सोलर के लिए 2022 तक 40 गीगावॉट का लक्ष्य रखा था। लेकिन 2023 के अंत में कुल ऊर्जा उत्पादन में रूफटॉप सोलर की हिस्सेदारी 11 गीगावॉट से कुछ ही ज्यादा रही और इसका ज्यादातर हिस्सा चार राज्यों तक सीमित रहा।


हाल ही में मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना (पीएमएसवाई) की घोषणा की, जिसके तहत एक करोड़ घरों की छत पर सौर प्रणाली स्थापित की जाएगी। इस घोषणा के बाद उम्मीद है कि इनकी लागत में भी कुछ कमी आएगी। महत्वपूर्ण यह भी है कि इससे एक करोड़ घरों के अनुभव के आधार पर आगे के विस्तार के लिए नीति को संशोधित करने का भी अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत की जनसंख्या करीब 1.4 अरब है। अगर हम हर परिवार में पांच लोगों का औसत लेकर चलें, तो इसका अर्थ होगा कि देश में करीब 28 करोड़ परिवार हैं।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में परिवार सवा तीन लाख गीगावॉट से ज्यादा बिजली खर्च करते हैं। यानी प्रति व्यक्ति औसत खपत 1,255 किलोवॉट/ घंटे होगी। स्वाभाविक है कि शहरी परिवारों में बिजली की खपत ज्यादा भी होगी। शहरीकरण की गति, कंप्यूटर/मोबाइल इत्यादि उपकरणों का बढ़ता उपयोग, डिजिटलीकरण इत्यादि को देखते हुए इसमें संदेह नहीं कि बिजली की खपत और मांग, दोनों बढ़ेंगी।

भारत की एक-तिहाई आबादी शहरों में रहती है और इनमें 53 शहर ऐसे हैं, जहां दस लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। कस्बों की संख्या चार हजार है। ऊर्जा सुरक्षा की कोई भी पहल मौजूदा और नई इमारतों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की मांग करती है। गौरतलब है कि यूरोप के देशों ने 2028 तक नई और मौजूदा इमारतों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के घटक को अनिवार्य कर दिया है।

रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम और नगरपालिका के नियमों के तहत सरकार सभी नए आवासीय और वाणिज्यिक परिसरों की छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना को अनिवार्य कर सकती है। हालांकि रूफटॉप सोलर का विस्तार इस संबंध में बनने वाली नई नीति के स्वरूप पर भी निर्भर करता है।

# परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं





-डॉ. सत्यवान सौरभ

वैसे तो इस दौर में पूरी युवा पीढ़ी ही भयावह मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषतः छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। हमारे देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र आत्महत्या से प्रभावित हो रहे हैं। वे अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों, बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों के सपनों की उड़ान न भर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पिटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएं अब आम घटनाएं बनती जा रही हैं। छात्र आत्महत्याओं में बेतहाशा वृद्धि के पीछे मानसिक तनाव सबसे आम कारक बन चुका है। तनावग्रस्त छात्रों की आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन निकट आते हैं, छात्रों का तनाव हद से गुजरने लगता है। पूरी युवा पीढ़ी का परीक्षा के दिनों में ऐसे हालात से दो-चार होना देश और समाज, अभिभावकों और शिक्षाविदों, सभी के लिए अब गंभीर चिंता का विषय हो चला है। शिक्षा क्षेत्र में दशकों से व्याप्त कई बुनियादी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों पर अभी तक पार पाने में कतई कामयाब नहीं हो पा रहा है।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से भारतीय छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने के लिए भारी तनाव का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दबाव को संभालने, माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने और आकांक्षाओं को प्राप्त करने में असमर्थता मनोवैज्ञानिक संकट और बाद में अवसाद का कारण बन सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अकादमिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने अनजाने में छात्रों के बीच तीव्र दबाव और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा कर दिया है। शैक्षणिक उपलब्धियों पर अत्यधिक ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने चिंता, अवसाद और तनाव जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों में वृद्धि में योगदान दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कई बार छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का लगातार दबाव रहता है। वे अपनी तुलना दूसरों से करते हैं और आक्रामकतापूर्वक पूर्णता के लिए प्रयास करते हैं। यह अंतर्निहित दबाव मानसिक परेशानी के विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें चिंता, विफलता का डर और कम आत्मसम्मान शामिल है। गंभीर मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आत्म-नुकसान का कारण बन सकती हैं, और यहां तक कि आत्महत्या के प्रयासों के विचार को भी जन्म दे सकती हैं।

प्रतियोगी पाठ्यक्रम के भारी भरकम बोझ से बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। इससे बच्चों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बच्चों के जीवन में तनाव के पौध की बड़ी वजह यह भी है कि लंबे समय तक स्कूल के घंटों के बाद बच्चे घर लौटते ही होमवर्क निपटाने में जुट जाते हैं। इसके बाद ट्यूशन के लिए दौड़ पड़ते हैं। खाना-पीना, सोना, खेलकूद, सब हराम हो जाता है।

आराम करने और अन्य पाठ्येतर गतिविधियां करने का उन्हें समय ही नहीं मिलता है। ऐसे में छात्रों के लिए कम नींद और अवसाद की स्थिति या गंभीर तनाव का सबब बनी रहती है। वर्तमान प्रतियोगी दौर में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना इस अवसाद के पीछे महत्वपूर्ण कारक हैं। भारत में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। हर शिक्षक, हर रिश्तेदार कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्कूल से स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है, या जहां उसकी रुचियां हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ बहुत कम की जाती है।

इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है।

ऐसे कठिन दौर में, आज छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत जरूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा सिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा घरेलू बर्ताव करना है।

छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की बढ़ती व्यापकता से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति, संस्थान और समग्र रूप से समाज शामिल हो। सफलता को फिर से परिभाषित करना और छात्रों को अपने जुनून और रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित सफलता की संकीर्ण परिभाषा से आगे बढ़ने से छात्रों को अपनी अद्वितीय प्रतिभा का पता लगाने और अपने चुने हुए रास्ते में पूर्णता पाने का मौका मिलता है।

आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को द्वारपाल के रूप में प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए।

छात्रों की सराहना करने की आवश्यकता है और यह बदलना महत्वपूर्ण है कि भारतीय समाज शिक्षा को कैसे देखता है। यह प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का। छात्रों की चिंताओं, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को दूर करने के लिए सभी स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग केंद्रों में प्रभावी परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। बढ़ते संकट को दूर करने के लिए अतीत की विफलताओं से सीखना और छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, संस्थानों और नीति निर्माताओं सभी हितधारकों को शामिल करने वाले तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

ऐसे कठिन दौर में, आज छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत जरूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा सिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा घरेलू बर्ताव करना है।

# टाईम पास

# ज्ञानवापी में पूजा-पाठ

वाराणसी जिला न्यायालय का फैसला इस दृष्टि से उचित कहा जा सकता है। अयोध्या मामले में आया फैसला अब इस तरह के विवादों के लिए एक नजीर है।

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर छिड़ा विवाद अब सुलझने की दिशा में बढ़ता नजर आ रहा है। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा-पाठ की इजाजत दे दी है। अदालत ने यह फैसला भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआइ द्वारा पेश सबूतों के आधार पर सुनाया है।

हालांकि मुसलिम पक्ष का कहना है कि एएसआइ की रिपोर्ट में ऐसी कोई बात नहीं कही गई है कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मंदिर के अवशेष पर हुई थी। मगर वाराणसी जिला अदालत ने प्रशासन से कहा है कि वह एक हफ्ते के भीतर वहां पूजा-पाठ की व्यवस्था कराए। दरअसल, व्यास पीठ पिछले तीस वर्षों से बंद था।

हिंदू पक्ष का दावा है कि उससे पहले तहखाने में शृंगार गौरी की पूजा होती थी, मगर 1991 में जब पूजास्थल अधिनियम बना, तो राज्य सरकार ने उसे बंद करा दिया। दरअसल, हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मंदिर तोड़ कर हुआ है, इसलिए उस पर उसे स्वामित्व दिलाया जाए। यह मामला लंबा खिंचता गया।

करीब पांच वर्ष पहले फिर से दावा पेश किया गया, जिस पर त्वरित सुनवाई की व्यवस्था की गई। करीब दो वर्ष पहले अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में एएसआइ से सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। उस पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक में गुहार लगाई गई, मगर अदालत ने सर्वेक्षण पर रोक से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले का छह महीने के भीतर निपटारा हो जाना चाहिए, क्योंकि इससे दो समुदायों में तनाव बढ़ने का अंदेशा है।


भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग के अध्ययनों में ऐसे कई प्रमाण मिले हैं, जिससे साबित होता है कि ज्ञानवापी की जगह पहले हिंदू मंदिर रहा होगा। बताया गया है कि उसमें शिवलिंग के अलावा कई हिंदू प्रतीक और शिलालेख मिले हैं। हालांकि मुसलिम पक्षकारों ने पूजास्थल अधिनियम का हवाला देते हुए पूरे विवाद को ही निरस्त करने की अपील की थी, क्योंकि उसमें कहा गया है कि 1947 के पहले से जो पूजा स्थल जैसे हैं, वे उसी स्थिति में रहेंगे।

अयोध्या मामले को इससे अलग रखा गया था। मगर दिसंबर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि उस अधिनियम के तहत अगर किसी जगह पर मंदिर है, तो वह मंदिर ही रहेगा और अगर मस्जिद है तो मस्जिद रहेगी। यानी एक परिसर में दोनों तरह की व्यवस्था नहीं हो सकती। चूंकि व्यास तहखाने में शृंगार गौरी की पूजा पुराने समय से होती आई थी, इसलिए ज्ञानवापी के पक्षकारों का दावा कमजोर पड़ गया।

यह छिपा तथ्य नहीं है कि हमारे देश में आक्रांता शासकों ने अनेक पूजा स्थलों को ध्वस्त कर उनकी जगह अपने पूजा स्थल खड़े कर दिए। उनमें से अनेक के ऐतिहासिक साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। उन पर स्वामित्व के दावे-प्रतिदावे किए जाते रहे, मगर धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक संकल्प की वजह से सरकारें उन मामलों में दखल देने से बचती रहीं। ज्ञानवापी मामले में भी यही रवैया देखा गया। जबकि पूजास्थल किसी भी समुदाय की आस्था से जुड़े होते हैं, उनकी वजह से किसी भी प्रकार का विवाद या दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति ही क्यों बनी रहनी चाहिए।

वैसे भी अगर किसी विवाद की वजह से सामाजिक तनाव पैदा होता है, दो समुदायों के बीच वेबजह दुश्मनी बनी रहती है, तो उसका शीघ्र निपटारा हो जाना चाहिए। वाराणसी जिला न्यायालय का फैसला इस दृष्टि से उचित कहा जा सकता है। अयोध्या मामले में आया फैसला अब इस तरह के विवादों के लिए एक नजीर है।

## काकुरो पहेली - 3082




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरण:



### काकुरो - 3081 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक कंजूस अपने खेत में जा रहा था. अचानक उसे कांटा चुभ गया. वह बड़ी बहादुरी से कांटा निकालते हुए बोला, 'ईश्वर तेरा लाख-लाख धन्यवाद है कि मैं जूते पहनकर नहीं आया वरना मेरे अच्छे जूते में सूराख हो जाता.'

एक किरायेदार ने मकान मालिक से शिकायत की कि 'जनाब ये आपका मकान कैसा है? दिन-रात चूहों की भागदौड़ देखने को मिलती है.'

मकान मालिक ने कहा- 'तो क्या आप दस रुपये में घुड़दौड़ देखना चाहते हैं?'

मालकिन: कितनी बार कहा है कि सुबह छह बजे दूध दिया करो.


दूधवाला: हम छह बजे दूध नहीं ला सकते. छह बजे नल में पानी भी नहीं आता.

एक साहब को खाने के बाद उंगलियां चाटने की आदत थी. एक बार एक दावत में उन्होंने उंगलियां चाटनी शुरू कर दीं, बाजू वाले साहब ने भी अपना हाथ आगे करके कहा-जरा इसे भी साफ कर दो.

जज जेबकतरे से-अच्छा बताओ तुमने भलाई का कोई काम किया?

जेबकतरे ने जवाब दिया-सर, हमीं लोगों के कारण पुलिस विभाग और अदालत में हजारों लोगों को राजी-रोटी का सहारा मिला है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3082



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५


**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3081



## सूडोकु -3082




■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भर जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु -3081 का हल



## शब्द पहेली - 3082



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली -3081 का हल



# नोएडा में 2 और ग्रेनो में 7 फरवरी को महापंचायत

## प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन के साथ बात विफल; किसान बोले-नहीं खुलेगा लॉकडाउन

नोएडा। अपनी मांगों को लेकर 52 दिन से धरने पर बैठे किसानों की महापंचायत अब 2 फरवरी को होगी। पहले यह पंचायत एक फरवरी को होने वाली थी। महापंचायत नोएडा प्राधिकरण परिसर के बाहर की जाएगी। इस मौके पर 105 गांव के किसान मौजूद रहेंगे, जिसमें एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव और नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित 81 गांवों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि महापंचायत में इस बार जो भी निर्णय लिए जाएंगे वो ऐतिहासिक होंगे। वहीं, ग्रेनो प्राधिकरण पर 7 फरवरी को महापंचायत होगी। किसानों ने कहा कि 52 दिनों में डीएम को ज्ञापन से लेकर तालाबंदी, सांसद का घेराव कई बार प्राधिकरण अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है। अब तक एनटीपीसी और नोएडा प्राधिकरण के किसानों को उनका हक नहीं मिला।

सांसद ने आश्वासन दिया लेकिन नतीजा नहीं निकला। ऐसे में दिल्ली में एनटीपीसी के सीएमडी के घेराव को लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी। बता दें कि बुधवार को प्राधिकरण की तालाबंदी के बाद शाम होते-होते प्राधिकरण से किसानों की वार्ता का निमंत्रण आया।

### वार्ता विफल रही, सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर बिफरे किसान

किसानों के प्रतिनिधिमंडल वार्ता में प्राधिकरण के एसीईओ मुख्य लीगल एडवाइजर, जॉइंट कमिश्नर, डीसीपी ,एसीपी, एडिशनल डीसीपी व प्राधिकरण के ओएसडी मौजूद रहे। लेकिन वार्ता में कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं मिला। इसके बाद बैठक करते हुए किसानों ने महापंचायत करने की तारीख को एक दिन बढ़ाते हुए दो फरवरी कर दी।

इस मौके पर किसान परिषद के प्रेमपाल चौहान बाजितपुर ने खुले मंच से घोषणा की जब तक किसानों का काम नहीं होगा। किसी भी अधिकारी को अंदर घुसने नहीं दिया जाएगा।



### एनटीपीसी और नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का धरना

नोएडा में वर्तमान में किसानों के दो आंदोलन चल रहे हैं। दोनों ही आंदोलन को दो महीने होने जा रहे हैं। किसान दिन रात लगातार धरना दे रहे हैं।

पहला एनटीपीसी पर और दूसरा नोएडा प्राधिकरण पर। बड़ी बात ये है अब तीसरा आंदोलन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर भी शुरू हो गया है।

यहां किसान सभा के नेतृत्व में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। धरने में किसानों ने फैसला लिया कि अब 7 फरवरी को प्राधिकरण पर एक महापंचायत की जाएगी। इस महापंचायत में कई किसान संगठन और विपक्षी पार्टियों के नेता भी पहुंचेंगे।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने बताया कि जब तक शासन से सभी किसानों को 10त्न प्लॉट व नई खरीद में सभी परिवारों को परियोजना प्रभावित परिवार मानने का प्रस्ताव शासन से मंजूर होकर नहीं आ जाता है। तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 7 फरवरी को महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### नोएडा प्राधिकरण पर धरना दे रहे किसानों की मांग...

1997 के बाद के सभी किसानों को बढ़ी दर से मुआवजा दिया जाए। चाहे वह कोर्ट गए हो या नहीं।

किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड दिया जाए।

आबादी जैसी है वैसी छोड़ी जाए। विनियमितीकरण की 450 वर्गमीटर सीमा को बढ़ाकर 1000 प्रति वर्गमीटर किया जाए।

भूमि उपलब्धता न होने के कारण पात्र किसानों के 5 प्रतिशत आबादी भूखंड भू लेख विभाग में नहीं रोके जाएंगे। उनका नियोजन किया जाए।

भवनों की ऊंचाई को बढ़ाए जाने की अनुमति दी जाए। क्योंकि गांवों के आसपास काफी हाइराइज इमारत है।

5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर व्यवसायिक गतिविधियां चलने की अनुमति दी जाए।

गांवों के विकास के साथ खेल बजट का प्रावधान किया जाए।

गांवों में पुस्तकालय बनाए जाए।

प्राधिकरण के गेट के पास बैठी महिला किसान।

प्राधिकरण के गेट के पास बैठी महिला किसान।

### एनटीपीसी के किसानों की मांग...

एक समान दर से मुआवजा दिया जाए

बच्चों के लिए स्कूल और एनटीपीसी में नौकरी दी जाए

एनटीपीसी के प्रभावित सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए।

एनटीपीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भू विस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए।

200 बेड का अस्पताल बनाया जाए। दादरी में दो डिग्री कॉलेज खुलवाया जाए।

# 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना लांच

## इन भूखंडों पर 5000 करोड़ के निवेश और 10 हजार रोजगार के अवसर मिलेंगे

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 44 औद्योगिक भूखंडों की योजना 30 जनवरी को लांच कर दी है। इस स्कीम के ब्रोशर 30 जनवरी से ऑनलाइन उपलब्ध हो गए हैं। इन 44 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के जरिए हो रहा है। इनका आवंटन होने से 5000 करोड़ रुपये का निवेश और 10 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर उद्योग विभाग ने 44 भूखंडों की योजना लांच कर दी है। इस योजना के जरिए लगभग 50 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। इन 44 भूखंडों में से 8 भूखंड सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में,




सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन में 1 भूखंड, इकोटेक चार में एक, ईकोटेक छह बी में दो, ईकोटेक छह में 23 भूखंड और उद्योग केंद्र एक्सटेंशन वन में 7 और उद्योग विहार एक्सटेंशन में दो भूखंड हैं। ये भूखंड 135 वर्ग मीटर से लेकर 20354 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। विगत मंगलवार से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए निवेश मित्रा www.niveshmitra.up.nic.in पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा।

### प्रोसेसिंग फीस भी 19 फरवरी तक ही जमा की जा सकती है

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। 30 जनवरी 2024 से ब्रोशर डाउनलोड करने व पंजीकरण शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण कराने की सुविधा शुरू हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 फरवरी है। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट) और प्रोसेसिंग फीस भी 19 फरवरी तक ही जमा की जा सकती है। आवंटन के पश्चात इन भूखंडों पर एक माह में ही पजेशन मिल जाएगा।

### निवेश के साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए स्कीम लांच कर दी गई है। तय समयसीमा में प्लॉट पर पजेशन दे दिए जाएंगे। इससे निवेश के साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

# निर्माणाधीन इमारत पर लगी शर्टिंग गिरी

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-104 में स्टर्लिंग मॉल के पास एक निर्माणाधीन साइट पर काम चल रहा था। इसमें ही शर्टिंग लगी हुई थी। देररात तेज बारिश होने की वजह से वहां मिट्टी नीचे दब गई। जिससे शर्टिंग के कब्जे डिस्बैलेंस हो गए। इस वजह से भरभराकर पूरी शर्टिंग नीचे गिर गई। शर्टिंग के पाइप वहां लगे बिजली के पोल और तार से टकराए। जिससे वो भी नीचे गिर गया। इस शर्टिंग के नीचे 3 गाड़ियां भी आ गई। ग़नीमत थी गाड़ियों में कोई नहीं था। इसलिए किसी को चोट नहीं लगी।

जानकारी मिलते थाना सेक्टर-39 पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से शर्टिंग को सड़क किनारे किया गया। इसके बाद यातायात को खोला गया। वहीं बिजली पूरे सेक्टर में बिजली सप्लाई बाधित है। पोल और लाइन को दोनों को ठीक किया जा रहा है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि शर्टिंग निर्माणाधीन साइट की है। यहां शो रूम बनाने का काम किया जा रहा है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

बता दे छह फरवरी तक मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। यहां तेज बारिश और करीब 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेंगी। ऐसे में एहतियात काफी ज़रुरी है। बताया गया कि जल्द ही बिजली सप्लाई को दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। बता दे जिस इलाके में एक शर्टिंग गिरी वो मन रोड है और यहां हैवी ट्रैफिक रहता है। ग़नीमत रहीं की शर्टिंग किसी व्यक्ति या उस समय उस पर चढ़ कर कोई काम नहीं कर रहा था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# छात्रों की पिटाई के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र में बीएएलएलबी की पढ़ाई कर रहे दो छात्रों की चार युवकों द्वारा पिटाई का मामला सामने आया है। हालांकि ये घटना मंगलवार की है लेकिन इसका एक वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दिख रहा है कि दो युवक हाथों में डंडा लिए कार के अंदर किसी को पीट रहे है। साथ ही कार का शीशा भी तोड़ रहे है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली के गांव पूठ खुर्द के सौरभ डबास ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें बताया कि वह वर्तमान में एमिटी विश्वविद्यालय में बीएएलएलबी फोर्थ



इयर का छात्र है। 30 जनवरी की शाम करीब चार बजे वह दोस्त युग डागर के साथ कार से खाना खाने के लिए विश्वविद्यालय के गेट नंबर-पांच पर आए थे। जब वह वापस गेट नंबर चार पर जाने के लिए निकले तो एशियन ला कालेज के गेट के पास पहुंचे ही थे कि कुछ लड़के आ गए। उनके हाथों में डंडे थे। आरोप है कि उन लड़कों ने उनकी कार को घेरकर डंडों से कार के शीशे आदि तोड़ दिए।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में गार्ड के साथ मारपीट

## गेट पर पूछताछ करने पर युवक ने की मारपीट, पिस्टल दिखाने का भी आरोप

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में एक बार फिर हंगामा देखने को मिला। बुधवार शाम को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की साया ज़िओन सोसाइटी में एक स्कॉर्पियो सवार युवक ने सुरक्षा कर्मी के साथ मारपीट की, बदसलूकी और धक्कामुक्की की।

आरोप लगाया गया कि उसके द्वारा सुरक्षा कर्मी और सुपर वाइजर को पिस्टल भी दिखाई गई। हंगामा की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

दरअसल, यह पूरा मामला बिसरख थाना क्षेत्र की साया ज़िओन सोसाइटी का है। सोसाइटी के फायर एंड सिक्योरिटी ऑफिसर सचिन तोमर ने बताया कि शाम करीब 8: 27 पर गेट



पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी आई। उसमें एक युवक और कुछ महिलाएं सवार थी।

### एंट्री कराने को लेकर हुआ विवाद

उन्होंने बताया कि उनको फ्लैट नम्बर बी-1705 में जाना है। सिक्योरिटी गार्ड ने अंदर जाने से पहले उन लोगों से एंट्री करने के लिए बोला और दोबारा फ्लैट नम्बर पूछा तो इतने में ही गाड़ी में बैठा हुआ युवक आग बबूला हो गया। उसने सिक्योरिटी गार्ड के साथ बदतमीजी करनी और मारपीट करनी शुरू कर दी।

### सुपरवाइजर के साथ भी की मारपीट...पिस्टल भी दिखाई

गेट पर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी दयानंद यादव के साथ उसने मारपीट की, साथ ही जब सुपरवाइजर के द्वारा इस घटना की वीडियो बनाई गई तो उसके साथ भी युवक ने मारपीट की। इन लोगों ने आरोप लगाया कि उस युवक के पास एक हथियार भी था जो सब सुरक्षा कर्मियों को डराने के लिए दिखाया।

### युवक पुलिस हिरासत में

युवक ने मारपीट के बाद गेट पर हंगामा किया। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई, और पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। उसकी गाड़ी को भी पकड़ लिया है। सिक्योरिटी टीम की तरफ से प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उसके पिस्टल को भी पुलिस ने ले लिया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में ड्राइवर की मौत : हेल्पर की हालत गंभीर

## आगे चल रहे ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक टकराया

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को आगे चल रहे एक ट्रक से पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। इस हादसे में पीछे के ट्रक में सवार ड्राइवर और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्राइवर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई केस दर्ज कोतवाली में नहीं हो पाया था।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा की जींद निवासी शमशीर ट्रक ड्राइवर थे। जो आगरा से एक कंपनी का सामान भरकर अपने ट्रक में हेल्पर गोविंद के साथ गुरुवार को नोएडा की तरफ आ रहे थे। जब उनका ट्रक दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित गलगोटिया



यूनिवर्सिटी के पास पहुंचा। उसी दौरान आगे चल रहे एक ट्रक के ड्राइवर ने बारिश ज्यादा होने के चलते अचानक ब्रेक लग दिए। इस दौरान पीछे से उनका ट्रक असंतुलित होकर आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया। इस हादसे में पीछे के ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर केबिन में फंस गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची।

### आरोपी ड्राइवर मौके से ट्रक को लेकर फरार

पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने शमशीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि गोविंद की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि आगे चल रहे ट्रक के ड्राइवर की लापरवाही की वजह से ही यह हादसा हुआ है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ड्राइवर मौके से ट्रक को लेकर फरार हो गया।

### मामले में जांच कर होगी कार्रवाई : पुलिस

घटना के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को फोन पर मामले की सूचना दी। जिसके बाद शाम को परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। इस बारे में दनकौर कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

# सात जोन में बांटकर विकसित की जाएगी फिल्म सिटी

- देश के सभी राज्यों की धरोहरों व पर्यटन स्थलों के बनेंगे मॉडल, तीन वर्ष में पूरा होगा पहले चरण का विकास कार्य
- 1000 एकड़ में बनेगी, पहले चरण में 230 एकड़ का विकास
- 9वें वर्ष से यीडा को मिलने लगेगा फिल्म सिटी से राजस्व

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल विकसित की जाने वाली प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के निर्माण का खाका तैयार कर लिया गया है। इसे सात जोन में विभाजित कर विकसित किया जाएगा। फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों को एक ही स्थान पर शूटिंग के साथ-साथ पोस्ट प्रोडक्शन सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

फिल्म सिटी में शूटिंग के लिए प्रदेश समेत दिल्ली, कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान समेत अन्य राज्यों की प्रमुख ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों के मॉडल बनाए जाएंगे। इसकी स्थापना के नौवें वर्ष से यीडा को राजस्व मिलना शुरू हो जाएगा। यीडा सिटी सेक्टर- 21 में 1000 एकड़ जमीन फिल्म सिटी के लिए आरक्षित की गई है। तीन वर्ष में प्रथम चरण में 230 एकड़ का विकास किया जाएगा।

वित्तीय निविदा में सबसे अधिक 18 फीसदी की रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर सफल रही बोनी कपूर की कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोडक्शन और भूटानी समूह मुंबई फिल्म सिटी से बेहतर शहर बनाना चाहती है। सात चरणों में प्रशासनिक व रचनात्मक केंद्र, प्रोडक्शन व स्टूडियो, आवासीय व सुविधाएं, कारखाने व शिल्प कौशल, फिल्म यूनिवर्सिटी व व्यवसायिक क्षेत्र, मनोरंजन व विश्राम की सुविधा विकसति की जाएगी। विकासकर्ता कंपनी के प्रतिनिधियों ने यीडा के सीईओ को बताया कि यहां एक ही परिसर में आउट डोर और इन डोर शूटिंग की सुविधा होगी। इनमें ओटीटी प्लेट फार्म, शूटिंग के लिए ट्रेन के स्टेशन, एयरपोर्ट टर्मिनल, बस टर्मिनल, गोवा के जैसा बीच, भारतीय संस्कृति और यहां के गांव आदि आउट डोर लोकेशन में मौजूद होंगे। जबकि इंडोर के रूप में वेयरहाउस, फैक्टरी, आफिस, वर्कशॉप व आवास आदि समेत अन्य सुविधाएं तैयार की जाएंगी।

### राष्टपति भवन से लेकर ताजमहल का मॉडल

फिल्मों में दर्शाने के लिए राष्ट्रपति भवन, नए संसद भवन, इंडिया गेट, लालकिला, कुतुब मीनार, ताजमहल, लखनऊ की विधानसभा, मथुरा की कृष्णनगरी, फिरोजाबाद का चूड़ी बाजार समेत तमाम मॉडल बनाए



जाएंगे। यह मॉडल इतने विशाल होंगे कि शूटिंग के दौरान असली इमारत और मॉडल में अंतर बताना बेहद मुश्किल होगा।

### 35 साल में आ जाएगा जमीन की कीमत का पैसा

यीडा ने विकासकर्ता कंपनी फिल्म सिटी के लिए विकासकर्ता कंपनी को 90 साल की लीज पर 230 एकड़ जमीन फ्री में दी है। शर्तों के मुताबिक प्राधिकरण को 9वें साल से कुल कमाई का 18 फीसदी हिस्सा मिलना शुरू हो जाएगा। जारी अनुमान के मुताबिक जमीन की कीमत के बराबर राजस्व हासिल होने में करीब 35 वर्ष लग जाएंगे।

### विदेशी फिल्मों की भी होगी शूटिंग

विकासकर्ता कंपनी का दावा है कि यहां फिल्म निर्माता स्क्रिप्ट के साथ आएंगे और पूरी फिल्म के साथ जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी में विदेशी फिल्मों की भी शूटिंग होगी। कंपनी इसे कार्य आधारित पर्यटन केंद्र की तरह विकसित करना चाहती है।

### ये होंगे सात प्रमुख जोन

प्रशासनिक और रचनात्मक केंद्र - 10 एकड़
प्रोडक्शन और स्टूडियो - 60 एकड़
आवासीय और अन्य सुविधाएं - 20 एकड़
कारखाने और शिल्प कौशल - 15 एकड़
फिल्म यूनिवर्सिटी - 20 एकड़
व्यवसायिक क्षेत्र - 70 एकड़
मनोरंजन और विश्राम - 35 एकड़

# शार्ट न्यूज

## आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले दो दोस्त गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दो दोस्तों ने एक-दूसरे के धर्म को लेकर टिप्पणी करके माहौल खराब करने का प्रयास किया। सोशल मीडिया में जब कार्रवाई की मांग उठने लगी तो पुलिस हरकत में आई। दोनों दोस्तों की पहचान करके पुलिस ने उन्हें बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान राहुल जाटव और मनीष कोरी के रूप में हुई है। दोनों नंदग्राम थाना क्षेत्र के गांव घूकना में एक ही गली में रहते हैं और दोस्त हैं। पुलिस ने बताया, दो दिन पहले दोनों युवकों ने घूकना में रात के समय एक ही जगह खड़े होकर आपत्तिजनक वीडियो बनाई। राहुल जाटव द्वारा जो वीडियो बनाई गई, उसमें वो श्रीराम और सीता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है। जबकि मनीष कोरी ने भीमराव अंबेडेकर को लेकर टिप्पणी की। वीडियो सोशल मीडिया पर 30 जनवरी को वायरल हुई। लोग इन दोनों पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। इसी बीच 30 जनवरी की रात में गांव घूकना के चौक पर लगी भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी गई। 31 जनवरी की सुबह लोगों को ये बात पता चली। दिनभर हंगामा होता रहा। लोगों का शक इन्हीं दोनों युवकों पर गया, जो एक-दूसरे को लेकर टिप्पणी कर रहे थे।

## गाजियाबाद में दो नाबालिग बहनों का किडनैप

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना मसूरी इलाके के एक गांव से दो सगी बहनों का अपहरण कर लिया गया। दोनों लड़कियां नाबालिग हैं। लड़कियों के पिता का आरोप है कि गांव के ही चार युवकों ने उनकी दोनों बेटियों का अपहरण किया। चार में से दो युवक उनकी बेटियों के साथ कोर्ट मैरिज करना चाहते थे। पुलिस की मदद से एक बेटी गाजियाबाद जबकि दूसरी दिल्ली से बरामद हुई है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि चार नामजद लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लड़कियों को कोर्ट के सामने पेश किया जा रहा है। गाजियाबाद के थाना मसूरी के एक गांव में रहने वाले शख्स ने आरोप लगाया है कि उनकी दो बेटियों को चार युवक मोटरसाइकिल पर किडनैप करके ले गए। शख्स का आरोप है की चार में से दो युवक उनकी नाबालिग बेटियों के साथ कोर्ट मैरिज करना चाहते थे। पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक शख्स ने बताया कि उनकी बेटियों को जबरन ले जाते हुए गांव के कई लोगों ने देखा। बाद में पुलिस की मदद से एक लड़की गाजियाबाद जबकि दूसरी लड़की को दिल्ली जामा मस्जिद के पास से बरामद किया गया है।

## आगरा के युवक ने युवती से किया दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद पुलिस ने आगरा के रहने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि युवक ने कोल्ड ड्रिंक में नशीली गोली मिलाकर युवती से दुष्कर्म किया था। आरोपी युवक और युवती की बातचीत लॉकडाउन के समय ऑनलाइन कोचिंग के दौरान हुई थी। आरोपी युवक ने अपना धर्म और नाम छिपा कर बात की थी। आरोपी ने युवती का वीडियो बना लिया था जिसको लेकर वह लगातार उसे ब्लैकमेल और धमका रहा था। गाजियाबाद में थाना साहिबाबाद प्रभारी अजय चौधरी ने बताया कि थाना शाहगंज जिला आगरा के रहने वाले निजामुद्दीन उर्फ दीपक जो की 22 वर्ष का है उसको गिरफ्तार किया है। निजामुद्दीन उर्फ दीपक से पूछताछ में सामने आया है की लॉकडाउन के समय जब निजामुद्दीन ऑनलाइन कोचिंग करता था तो उसी दौरान एक युवती भी कोचिंग ले रही थी। इस दौरान आरोपी ने अपना नाम और धर्म छुपा कर अपने मोबाइल से युवती को दीपक नाम से मैसेज किया। मैसेज में लिखा कि हम लोग आपस में पढ़ाई से रिलेटेड बात किया करेंगे। इसके बाद वर्ष 2022 में निजामुद्दीन साहिबाबाद के राजेंद्र नगर आया। जहां उसने युवती को कोल्डड्रिंक में नशीली गोली मिल कर दी। उसके बाद जब युवती नशे में हो गई तो आरोपी युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फोटो वीडियो बना ली।

## तुस्याना में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को ग्राम तुस्याना की अधिसूचित जमीन पर बन रहे अवैध निर्माण को तोड़ दिया। प्राधिकरण की टीम ने करीब 40 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई है, जिसकी कीमत करीब 80 करोड़ रुपये होने का आकलन है।ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव तुस्याना प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। वे कॉलोनी काट रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के मैनेजर मनोज कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के साथ गुरुवार सुबह मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ढहा दिया। टीम ने करीब 40000 वर्ग मीटर जमीन मुक्त करा लिया। पांच जेसीबी और एक डंपर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई। ओएसडी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हर वर्क सर्किल को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सर्वर डाउन होने से ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बने

नोएडा। सेक्टर-32 स्थित सहायक संभागीय परिवहन विभाग में गुरुवार को सर्वर ठप होने की वजह से लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कार्य नहीं हुए। परिवहन विभाग की वेबसाइट पर टाइम स्लॉट बुक कराकर पहुंचे लोग मायूस हुए।सेक्टर 11 निवासी कंचन ने बताया कि सुबह दस बजे ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया के लिए उन्हें टाइम स्लॉट मिला था। परिवहन विभाग पहुंचने पर उन्हें जानकारी मिली कि सर्वर डाउन है। दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन सर्वर काम नहीं कर रहा था। इस कारण बिना ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया के लौटना पड़ा। सेक्टर 19 निवासी विष्णु ने कहा कि सर्वर डाउन होने की वजह से उनका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन सका है। शुक्रवार को ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया के लिए आने को बोला गया है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि सर्वर डाउन होने के कारण परिवहन संबंधी कार्य नहीं हो सके। शाम छह बजे सर्वर ने काम करना शुरू किया। जिन लोगों के टाइम स्लॉट बुक थे और ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कार्य नहीं हो सके हैं, उन्हें दोबारा बुलाया गया है।

# महिलाओं ने पुलिस की आंख में लाल मिर्च झोंकी

## चाकू से खुद की कलाई काटी, 5 पुलिसकर्मी घायल; गोकशों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

मेरठ। मेरठ में बुधवार देर रात गोकशों ने पुलिस पर हमला कर दिया। हमले में 5 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिसकर्मी देर रात गोकशी की सूचना पर गो-तस्करों को पकड़ने गई थी। वहां आरोपियों ने पुलिस कर्मियों से मारपीट शुरू करते हुए पथराव कर दिया। इसके बाद आंख में लाल मिर्च का पाउडर छिड़ककर भागने की कोशिश की। वहीं पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में गोवंश बरामद किया। पुलिस तीन महिलाओं को अरेस्ट किया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### महिलाओं और पुरुषों ने पुलिसकर्मियों के साथ की अभद्रता

बुधवार देर रात करीब पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी सुमित के फोन पर एक मुखबिर ने बताया कि समर गार्डन में मस्जिद के पास रहने वाला अफजल अपने मकान में गोकशी कर रहा है। गोकशी की सूचना मिलते ही सुमित अपने साथी सिपाही मुनेंद्र व अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिसकर्मी मकान में घुसकर मकान की तलाशी लेने लगे तभी मकान में मौजूद महिलाओं और पुरुषों ने पुलिसकर्मियों के साथ जमकर अभद्रता की।

इसके बाद पीआरवी पर तैनात सुमित ने घटना की जानकारी समर गार्डन चौकी पुलिस को दी सूचना पाकर चौकी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल सुभाष और कॉन्स्टेबल पवन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

### पुलिस कर्मियों के साथ जमकर मारपीट की

कर्मियों ने जब मकान में मौजूद मांस को कब्जे में लेने की बात कही तो आरोपियों ने पुलिस कर्मियों के साथ जमकर मारपीट कर दी। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने खुद को बचाया। मकान से बाहर निकले। तभी घर के अंदर मौजूद महिला, पुरुष मकान की छत पर चढ़ गए। वहीं से पुलिस कर्मियों पर पथराव करने लगे। पथराव में 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी गई। सूचना पर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तो आरोपियों ने घर के दरवाजे बंद कर पुलिस से बचने का प्रयास किया।

# बहराइच-नेपालगंज रेल प्रखंड दस फरवरी से होगा बाधित

बहराइच। पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच-नेपालगंज रेल प्रखंड पर 10 फरवरी से आमान परिवर्तन का कार्य शुरू होने के चलते इस रेल खंड पर बहराइच-नानपारा और नेपालगंज के बीच ट्रेनों का संचालन बंद हो जाएगा। अब इस रूट के यात्री मैलानी से नानपारा तक ही सफर कर सकेंगे। यात्रियों को सड़क मार्ग से ही नानपारा-रुपईडीहा का सफर तय करना होगा।

रेलवे सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बहराइच से नेपालगंज रेल प्रखंड पर इस समय पैसेंजर ट्रेनों का संचालन होता है। यह रेल लाइन छोटी रेल लाइन है। इस पर एक अप और एक डाउन ट्रेन का संचालन इस समय होता है। लेकिन अब इस रेल लाइन को अमान परिवर्तन में तब्दील किया जायेगा। इसके लिए 10 फरवरी से कार्य शुरू होगा। 10 फरवरी से बड़ी रेल लाइन का कार्य शुरू होने के चलते ट्रेनों का संचालन भी बंद हो जायेगा। ऐसे में रुपईडीहा और नेपालगंज से आने जाने वाले यात्रियों को अपने निजी और प्राइवेट वाहनों का ही सहारा रहेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 10 फरवरी से बहराइच से नेपाल के मध्य ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया जाएगा अमान परिवर्तन पूरा होने के बाद ही इस प्रखंड पर ट्रेनों का संचालन शुरू होगा।

# बलिया में दो वाहनो की टक्कर, दो मरे पांच घायल

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र में बोलेरो और पिकप की जोरदार टक्कर में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पड़ोसी जिले मऊ के डुमरी मर्यादपुर गांव के एक परिवार के लोग गुरुवार को बोलरो में सवार होकर बिहार के बक्सर में एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे कि क्षेत्र के बिडहरा गांव के समीप रसड़ा की तरफ से आ रही मुर्गी लदी पिकअप से बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। इस बीच एक साइकिल सवार भी वाहनों की चपेट में आ गया ।

इस हादसे में वृंदा देवी (45) और बोलेरो चालक सूर्य केश राजभर (52) की मौत हो गई जबकि अनिल कुमार, गीता देवी ,राम बाबु, महातम और साइकिल सवार सूरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अयोध्या में 2 हजार सफाई कर्मचारियों की हड़ताल

## कर्मचारी बोले; काम 30 दिन पर वेतन मिल रहा 26 दिन का



अयोध्या। अयोध्या नगर निगम के खिलाफ दो हजार गुरुवार को सफाई कर्मचारी धरने पर बैठ गए। सभी कर्मचारी कार्यालय के बाहर पार्क में धरने पर बैठकर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। सफाई कर्मचारी 30 दिनों का नियमित वेतन देने की मांग कर रहे है।

सफाई कर्मियों के नेता विनय वाघमारे ने कहा कि सफाई कर्मी मेहनत से महीने में 30- 31 दिन काम करते हैं और उन्हें 26 दिन का ही वेतन मिलता है। जब तक नगर निगम प्रशासन सफाई कर्मियों को पूरे महीने का वेतन नहीं देता, तब तक सफाई कर्मी काम नहीं करेंगे। विनय वाघमारे नहीं बताया कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सफाई कर्मियों ने दिन-रात काम किया, लेकिन सफाई कर्मियों को उनके मेहनत की मजदूरी नहीं दी जा रही है, नगर निगम चार दिन का वेतन काट लेता है और केवल महीने में 26 दिन का वेतन मिलता है, ऐसे में सफाई कर्मी हड़ताल पर हैं और जब तक नगर निगम प्रशासन सफाई कर्मियों की बातें नहीं मानता है। तब तक सफाई कर्मी हड़ताल पर रहेंगे, दरअसल प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में लाखों राम भक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं जिससे अयोध्या की साफ सफाई पर बुरा असर पड़ेगा।

# दिल्ली में हत्या कर लाश गाजियाबाद में फेंकी

## टैंट हाउस में चोरी के इरादे से घुसे युवक को पीट-पीटकर मार डाला; ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार




गाजियाबाद/मोदीनगर। दिल्ली के नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक में चोरी के इरादे से टैंट हाउस में घुसे एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद एक ट्रक ड्राइवर ने लाश को गाजियाबाद-बागपत जिले के बॉर्डर पर हिंडन नदी के पास फेंक दिया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर गुरुवार को लाश बरामद कर ली है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

### 27 जनवरी को हुई अपहरण की एफआईआर

नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक में ज्योतिनगर पुलिस स्टेशन है। यहां पर 27 जनवरी को 24 वर्षीय विनोद बहादुर के अपहरण की एफआईआर दर्ज हुई। विनोद बहादुर दिल्ली में हरदेवपुरी ए-88, गली नंबर-4 का रहने वाला था। ज्योतिनगर थाने की पुलिस ने जब केस की जांच पड़ताल शुरू की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पता चला कि विनोद बहादुर उस रात चोरी के इरादे से जय दुर्गे टैंट हाउस के गोदाम में घुस गया था। वहां चोरी के शक में लोगों ने उसकी ज्यादा पिटाई की। इससे उसकी मौत हो गई।

### हत्या करने वाले फरार, लाश डंप करने वाला पकड़ा

वारदात के बाद टैंट गोदाम पर ही काम करने वाले ट्रक ड्राइवर आफताब को बॉडी डंप करने के लिए कहा गया। आफताब ने 28 जनवरी को लाश ट्रक में रखी और उसको गाजियाबाद जिले में मुरादनगर थान क्षेत्र के गांव सुराना स्थित हिंडन नदी के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। दिल्ली पुलिस गुरुवार को आरोपी आफताब को लेकर गांव सुराना पर पहुंची और लाश बरामद की। पुलिस ने बताया कि आफताब मुख्य आरोपी नहीं है। वो हत्या के वक्त घटनास्थल पर मौजूद भी नहीं था। इस केस में 3-4 मुख्य आरोपी हैं, जिन्होंने हत्या की है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई जगहों पर दबिश दे रही है।

# वीडियो बनाकर युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

बस्ती। बस्ती के मुंडेरवा थाना क्षेत्र में एक युवक ने पहले तो शराब पी बाद में गुटखा खाया और खुद की वीडियो बनाने के बाद ट्रेन से कटकर जान दे दी, युवक की ओर से उठाए गए इस कदम से हर कोई हैरान है, क्षेत्र में लोग तरह'-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के मेहड़ा पुरवा निवासी लगभग 20 वर्षीय तरूण चौधरी ने खुद का वीडियो बनाया, जिसमें उसने कहा कि वह अपने आप से अपनी जान देने जा रहा है, मैंने गुटखा गया है, मैं अभी बहुत से लोगों से बात किया हूं, बहुत से लोगों से बात करूंगा। वीडियो में युवक कह रहा है कि वह अपनी जान दे रहा है, उसमें किसी को न फंसाया जाए। कह रहा है उसने बहुत शीशी (शराब) पी है, बहुत लोगों से पैसा मांगा है। जिसके बाद उसने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली।

# पेपर मिल में युवक की संदिग्ध-परिस्थितियों में मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में एक पेपर मिल में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव मिल के अंदर लकड़ी के बुरादे के नीचे दबा मिला। कर्मचारी परिवार को सूचना दिए बगैर शव को एम्बुलेंस में रखवा रहे थे।

तभी परिजन मौके पर पहुंच गए। पहले तो उन्होंने हंगामा करना शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में मिल प्रबंधन और परिजनों के बीच बातचीत हुई। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

थाना कांट क्षेत्र के पिपरौला बंजर निवासी सालिगराम का 20 साल का बेटा उर्वेश जमौर में एक पेपर मिल में काम करता था। उसके बाद उसका बहनोई और छोटा भाई भी उसी मिल में काम करते हैं। उर्वेश काम करने के लिए मिल में गया था। आज सुबह उसका शव मिल के अंदर लकड़ी के बुरादे के नीचे दबा मिला। परिजनों का आरोप है कि परिवार को सूचना दिए बगैर मिल के कर्मचारी शव को एम्बुलेंस में रखवा रहे थे। किसी ने परिवार को सूचना दे दी। इसी बीच परिवार के सदस्य मिल के बाहर पहुंच गए। उर्वेश का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने मिल प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। इसके बाद मिल के अधिकारियों और मृतक के परिजनों के बीच वार्ता हुई। तब परिजन शांत हुए। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# जनपद प्रभारियों ने आगामी त्यौहारो को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक की



**ललितपुर।** झॉसी डीआईजी झॉसी कलानिधि नैथानी के निर्देशन में रेंज के सभी जनपदों झाँसी, जालौन ललितपुर में आगामी त्याहारों/पर्वो में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थानाक्षेत्रों के सम्भ्रान्त लोगों/धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी बैठक आयोजित की गयी।

# जौनपुर में सर्राफा कारोबारी के घर लाखों की लूट

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के शाहगंज क्षेत्र में सर्राफा व्यवसायी के घर तेरही का कार्ड देने के बहाने घुसे चार बदमाशों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लूट ली है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पुराना चौक मोहल्ला निवासी स्वर्ण व्यवसायी महेंद्र सेठ के घर बुधवार रात चार बदमाश पहुंचे और तेरहवीं का निमंत्रण कार्ड देने की बात कह कर घर में घुस गए। असलहा व चाकू के बल पर उन्होने घर में मौजूद महिला अंशु को बंधक बनाया और आलमारी की चाभी लेकर उसमें रखा आभूषण लेकर फरार हो गए।

# ले जनरल कविता सहाय बनी एएमसी लखनऊ की पहली महिला कमांडेंट



लखनऊ। लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने गुरुवार को यहां कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर (एएमसी) एवं कॉलेज, ऑफिसर-इन-चार्ज एएमसी रिकॉर्ड्स तथा कर्नल कमांडेंट एएमसी का पदभार संभाला। सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से विभूषित लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय 74 साल पहले स्थापित एएमसी सेंटर और कॉलेज की कमान संभालने वाली पहली महिला जनरल ऑफिसर हैं। इससे पहले वह महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), दिल्ली में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) थीं।

सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी), पुणे की पूर्व छात्रा रही लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय को 30 दिसंबर 1986 को आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) में कमीशन किया गया था। उन्होंने एएफएमसी पुणे से 1994 में एमडी (पैथोलॉजी) और 1997 में डीएनबी (पैथोलॉजी) किया था। जनरल ऑफिसर ने 2000-2002 तक एम्स, नई दिल्ली में ऑन्कोपैथोलॉजी में 2 साल की फेलोशिप और यूके के फैमर कील यूनिवर्सिटी से वर्ष 2020-22 में हेल्थ प्रोफेशनल एजुकेशन में डिप्लोमा भी किया।

# सहारनपुर में ओलावृष्टि और बारिश से फसलों पर आफत

**सहारनपुर ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में गुरुवार को कई स्थानों पर हुयी भारी ओलावृष्टि और बारिश से दलहन और तिलहन की फसलें खासी प्रभावित हुयी वहीं तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।

जिले के विभिन्न स्थानों से मिली सूचना के मुताबिक बेहट, छुटमलपुर, चिलकाना, पठेड़ एवं अन्य एक दर्जन स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ बारीश हुई।

कृषि विज्ञान केंद्र सहारनपुर के प्रभारी एवं कृषि वैज्ञानिक डा. इंद्रकुमार कुशवाहा ने बताया कि ओलावृष्टि से तिलहन की फसल यानी सरसो को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने बताया कि सरसों की फलियों में दाना पक गया था। ओलावृष्टि से उसे नुकसान पहुंचा है। तिलहन और दलहन की फसलें बहुत ही संवेदनशील होती हैं। ओलावृष्टि से चना और मसूर की फसल को भी नुकसान पहुंचा है और गेहूं की अगेती बुआई वाली फसलों को भी ओलावृष्टि से नुकसान पहुंचने की आशंका है। डा. कुशवाहा ने बताया कि सामान्य बारिश आमतौर से फसलों के लिए बेहतर और लाभदायक है।

इस बारिश से ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान में कुछ कमी आएगी। सामान्य बारीश से तापमान सामान्य हो जाता है। इससे फसलों को ओलावृष्टि से होने वाला नुकसान कम हो जाता है।

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में जनवरी का महीना पूरी तरह से बिना बारिश के बीता और 74 सालों के बाद जनवरी सबसे ज्यादा ठंडी रही।

इससे पहले वर्ष 1951 में ऐसी सर्दी पड़ी थी और पहली बार जनवरी का महीना ऐसा गुजरा जब बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई।

इससे पहले यह स्थिति 2016 में हुई थी। मेट्रो लोजीकल डिपार्टमेंट के मुताबिक ओलावृष्टि और बारीश से तापमान 21.4 से गिरकर 18.6 डिग्री हो गया। लेकिन अच्छी बात यह रही कि बारीश होने से प्रदूषण और कोहरे से निजात मिली है।

अगले दो-चार दिन में मौसम साफ और थोड़ा गर्म रहने की भविष्यवाणी मौसम विभाग द्वारा की गई है।

# नर्सिंग छात्रा से शिक्षक ने किया दुष्कर्म

अलीगढ़ । अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र में गुरु शिष्य के रिश्तों को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। थाना के सांई नर्सिंग कालेज में एक डॉक्टर पर आरोप है कि उसने नर्सिंग की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद छात्रा सदमें में थी। दो दिन बाद उसने अपने परिजनों को सारी जानकारी दी, जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस से मिलकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बन्नादेवी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी शिक्षक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अलीगढ़ के सारसौल स्थित सांई मेडिकल कालेज की पीड़ित नर्सिंग छात्रा ने बताया कि कालेज के ही एक डॉक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पीड़िता के अनुसार कालेज के पंचकर्म विभाग में कार्यरत डॉ निर्भय आए दिन उससे छेड़छाड़ करता रहता था। एक सप्ताह पहले आरोपी ने छात्रा को ओपीड़ी में बुलाया था और उसके साथ छेड़छाड़ की थी। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी ने यह भी कहा कि अगर उसकी बात न मानी तो वह अपना कोर्स पूरा नहीं कर पाएगी।

# हाथरस में बिजली कर्मी को रिश्वत लेते पकड़ा

**हाथरस।** हाथरस में अलीगढ़ से आई एंटी करप्शन टीम ने विद्युत विभाग के कर्मचारी को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। टीम उसे और उसके साथ एक कंप्यूटर ऑपरेटर को पकड़कर अलीगढ़ ले गई। विद्युत वितरण चतुर्थ में नीरज कुमार कार्यालय सहायक के रूप में तैनात है और वह सादाबाद में कार्यालय में तैनात है। बताते हैं कि वह एक व्यक्ति से लंबे समय से एक विद्युत कनेक्शन की फाइल आगे बढ़ाने के लिए 20 हजार की डिमांड कर रहा था। इस व्यक्ति ने उच्च अधिकारियों से भी इसकी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसने फिर इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। इस शिकायत पर टीम सादाबाद के विद्युत कार्यालय पर आई। शिकायतकर्ता ने प्लानिंग के अनुसार उसे जब 20 हजार थमाए तो टीम ने इस कर्मचारी को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। टीम ने उसके साथ एक कंप्यूटर ऑपरेटर को भी पकड़ लिया और इन दोनों को आनन-फानन में टीम कार्यालय से अपने साथ अलीगढ़ ले गई।

# बलिया में सामूहिक विवाह मामले में 15 गिरफ्तार

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के मनियर क्षेत्र में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में धांधली के मामले में पुलिस ने गुरुवार को तीन सरकारी कर्मचारियों समेत 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि मनियर क्षेत्र में गत 25 जनवरी को हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 568 लोगों के विवाह में धांधली के आरोप में पुलिस ने तीन सरकारी कर्मचारियों समेत 12 दलाल किस्म के लोगों को गिरफ्तार किया है ?। इनमें मुकदमे में नामजद आरोपी सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण मनियर सुनील यादव के अलावा जांच के दौरान प्रकाश में आए आरोपी सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ब्लाक बांसडीह रेवती रविन्द्र गुप्ता, समेत 12 दलाल किस्म के लोगों के नाम शामिल हैं ।सभी को आईपीसी की धारा 419,420,409,406,120बी के तहत गिरफ्तार किया गया है ।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने गुरुवार को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भ्रष्टाचार करने वाले चाहे अधिकारी/ कर्मचारी या कोई भी अन्य हो उसे बक्शा नहीं जाएगा और उस पर कठोर करवाई सुनिश्चित की जाएगी ।उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह योजना में भ्रष्टाचार करने वालों पर ऐसी कारवाई की जाएगी कि वह जनपद के लिए नजीर बनेगी ।उल्लेखनीय है कि गत 25 जनवरी को मनियर कस्बे में 568 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया था । जिसमें वधुओं द्वारा खुद के गले में वरमाला डालकर सरकारी धन के लालच में बिना दुल्हे के ही विवाह करने का वीडियो शोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ था।

# शार्ट न्यूज

## अवैध तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार



**ललितपुर ।** बार पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा एक अभियुक्त अजय पुत्र पुन्टा नि0 ग्राम बछरावनी थाना बार जिला ललितपुर को मुखबिर की सूचना पर मय एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर के गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 महेन्द्र कुमार कां0 विकास सिंह कां0 अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



ललितपुर। तालबेहट , पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नितेश पुत्र रघुनाथ सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी बड़ा मनकुवां थाना बबीना जनपद झांसी को पूराकला तिराहा से करीब 50 कदम की दूरी थाना तालबेहट से समय 10.30 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया जिसके विरूद्ध थाना तालबेहट पर मु0अ0सं0 132/23 धारा 363/366/376 भा0द0वि0 एवं 3/4 पाक्सो एक्ट पंजीकृत है ।अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

पीलीभीत। पीलीभीत में मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने जा रहे एक युवक को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे के दौरान रोडवेज बस मोटरसाइकिल पर सवार युवक को काफी दूर तक साथ खींचती ले गई, जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे युवक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर जिले के बंडा थाना क्षेत्र के पिपरिया जपती गांव का रहने वाला 22 वर्षीय सोनू कई सालों से बिलसंडा थाना क्षेत्र के नाद पुरवा गांव में स्थित अपनी ससुराल में रह रहा था। गुरुवार को सोनू मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने के लिए भीकमपुर गांव में जा रहा था। गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित एक देव स्थल के पास गोला डिपो की रोडवेज बस में सोनू की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान सोनू की मोटरसाइकिल रोडवेज बस में ही फंस गई। रोडवेज बस चालक काफी दूर तक मोटरसाइकिल सवार युवक को घसीटता रहा, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने युवक की पहचान करने के बाद युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हमीरपुर में शराब ठेके में हुई चोरी का खुलासा

हमीरपुर। हमीरपुर पुलिस ने सरकारी शराब ठेके में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से कैश, तमंचा और कार बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। बिवांर थाना क्षेत्र के महेरा गांव में 29 जनवरी की रात को शराब की दुकान से लाखों रुपए की चोरी हुई थी। तब से पुलिस वारदात को अंजाम देने वालों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली की एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार जो बिना नंबर प्लेट की है वह महेरा रोड पर खड़ी है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जब दबिश दी तो उसमें तीन अभियुक्त सवार थे। पुलिस ने जब इनसे गहनता से पूछताछ की और तलाशी ली तो इनके पास से तमंचा और 85 हजार रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने बिना नंबर की कार को भी सीज कर दिया है। सीओ सरकार श्रेयश त्रिपाठी ने खुलासा करते हुए बताया कि सरकारी शराब ठेके में चोरी हुई थी। जिसका आज खुलासा किया गया है। पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मुख्य अभियुक्त शानू खान जिसके ऊपर 10 मुकदमे दर्ज हैं उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। जबकि आकाश राजपूत और अवधेश राजपूत के पास से चोरी किया गया 85 हज़ार रुपए बरामद हुए हैं। सीओ ने बताया की अभियुक्त ने शराब की दुकान से चोरी करना कबूल कर लिया है।

## शामली में युवक से तमंचे के बल पर लूट

शामली। शामली में एक युवक के साथ दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद दोनों बदमाश धमकी देते हुए फरार हो निकले। पीड़ित युवक के मुताबिक वह बाइक से सवार होकर जा रहा था। तभी बदमाशों ने उसे रोक लिया। फिर तमंचा दिखाते हुए उससे मोबाइल और कैश ले लिया। इसके बाद बाइक से धक्का देकर बाइक भी लूट ले गए। पूरा मामला गढीपुख्ता थानां क्षेत्र के गांव में भैंसवाल में पूर्वी यमुना नहर पर पटरी का है। सुमित कुमार पुत्र महिपाल सिंह निवासी माधलपुर ने थाना भवन में तहरीर देकर बताया कि बुधवार को शामली मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से लगभग 8ः00 बजे के करीब अपनी बाइक से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान उससे लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। सुमित ने बताया कि बदमाशों ने मारपीट करते हुए तमंचे की नोक पर बाइक, 2900 रुपए और मोबाइल फोन लूट लिया। इसके साथ ही बदमाशों ने धमकी देते हुए कहा कि अगर तुमने किसी को कुछ बताया तुमको जान से मार देंगे। तहरीर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले गए हैं। सूचना पाकर मौके पर एडिशनल एसपी, सीओ भानाभवन भी मौके पर पहुचें। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## कुकर्म के दोषी को 20 साल की कैद

सुलतानपुर। सुलतानपुर में 4 साल के बच्चे के साथ कुकर्म के मामले में आज पॉक्सो कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 56 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की 90 प्रतिशत धनराशि पीड़ित को देने का आदेश दिया है। घटना जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव की है। विशेष लोक अभियोजक सीएल द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित बच्चे की मां ने 16 जून 2021 को कुड़वार थाने में केस दर्ज कराया था। पीड़ित की मां का आरोप था कि उसी दिन दोपहर में आरोपी उनके घर आया। आम देने के बहाने उसके 4 वर्षीय बेटे को बहला फुसलाकर ले गया। उसने बच्चे के साथ कुकर्म किया। लहूलुहान हालत में बच्चा घर लौटकर आने पर परिजनों से आपबीती बताई थी। जिसके बाद में आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने बच्चे का मेडिकल कराया। पुलिस ने दूसरे दिन आरोपी को गिरफ्तार किशोर मानते हुए आरोप पत्र किशोर न्यायालय भेजा था। वहां आरोपी की उम्र 16 वर्ष से अधिक व अपराध गंभीर होने से विचारण पॉक्सो कोर्ट में भेजा गया।

## मस्क की इस कंपनी ने कर दिया कमाल...व्यक्ति के ब्रेन पर चिप

न्यूयॉर्क । दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क के न्यूरोलिंक ने एक बड़ा कारनामा करके दिखाया है। न्यूरोलिंक ने मानव सिर पर चिप का इंप्लांट कर दिया है। इसकी जानकारी खुद मस्क ने दी है, उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति के ब्रेन पर चिप लगाया है, उसकी हालत में सुधार हो रहा है। इस प्रोडक्ट का नाम टेलीपेथ है। यह उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी है, जिनके हाथ पैर काम नहीं करते हैं। दरअसल, बीते लंबे समय से इस पर काम जारी है और सितंबर में कंपनी को यूएस फूड और ड्रग्स विभाग की तरफ से टेस्टिंग को मंजूरी मिली थी। मस्क ने एक्स प्लेटफॉर्म पर बताया कि न्यूरोलिंक की तरफ से पहली बार इंसान के ब्रेन पर चिप इंप्लांट किया और अब उसकी हालत में सुधार हो रहा है। साथ ही मस्क ने न्यूरोलिंक के प्रोडक्ट का नाम और उससे होने वाले फायदों के बारे में बताया है। न्यूरोलिंक के प्रोडक्ट को टेलीपेंथ नाम दिया है। इस लेकर मस्क ने बताया कि यह उन लोगों के लिए बड़ा ही उपयोगी साबित होगा, जिनके हाथ या पैर नहीं है या फिर वह काम नहीं करते हैं। इसकी मदद से यूजर्स दिमाग से ही कंप्यूटर और स्मार्टफोन को कंट्रोल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोचिए अगर माने-माने वैज्ञानिक स्टीफ़न विलियम हौकिंग सिर्फ इसकी मदद से कम्यूनिकेट कर पाते है। अभी इस ट्रायल का मकसद वायरलेस ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस पर काम करना है। इसमें सर्जिकल रोबोट और इंप्लांट की सेफ्टी पर ध्यान दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टीफ़न विलियम हौकिंग ने इसके लिए कुछ वालंटियर्स का सलेक्शन किया था और उन पर इसका ट्रायल शुरू किया। पहले रिपोर्ट्स में सामने आ चुका है कि कंपनी की लक्ष्य 2030 तक 22 हजार लोगों पर ब्रेन चिप को इंप्लांट करने का था। साल 2016 में न्यूरोलिंक कंपनी की शुरुआत हुई थी। हालांकि कई बार न्यूरोलिंक पर आरोप लग चुके हैं कि वह नियमों को तोड़ रही है।

## बलूचिस्तान प्रांत में सेना ने 21 आतंकवादियों को मार गिराया

कराची । पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने आतंकी हमलों के बाद अशांत बलूचिस्तान प्रांत में कार्रवाई कर एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े करीब 21 आतंकवादियों को मार गिराया है। गुरुवार को इसकी जानकारी दी। आतंकियों ने तीन हमलों को अंजाम दिया, जिसमें एक उच्च सुरक्षा वाली जेल को भी निशाना बनाया गया था। सेना के अधिकारी ने कहा, माच और कोलपुर में अभियान के दौरान अब तक 21 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार अभियान के दौरान चार सुरक्षाकर्मी और दो नागरिक भी मारे गए हैं।

## नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी को बंद करने का आव्हान किया

येरूशलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के हमले में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता के आरोपों के बीच एजेंसी को बंद करने का आह्वान किया है। श्री नेतन्याहू ने आठ देशों के संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों से कहा, समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और स्वयं संयुक्त राष्ट्र को समझ लेना चाहिए कि यूएनआरडब्ल्यूए के मिशन को समाप्त किया जाना चाहिए। हमास के हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कई कार्यकर्ताओं के शामिल होने संबंधी इजरायल के आरोप के बाद अमेरिका और कम से कम 10 अन्य देशों ने एजेंसी दी जाने वाली फंडिंग निलंबित कर दी। हमले में इजरायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए। यूएनआरडब्ल्यूए फिलिस्तीनी गाजा पट्टी में लगभग 13,000 लोगों को रोजगार देता है। इन लोगों को हमास हमले के जवाब में इजरायल के हवाई हमलों के बाद से मानवीय संकट का सामना करना पड़ा है। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों में कम से कम 26,900 फिलिस्तीनी मारे गए और 69,950 अन्य घायल हो गए।

## संसद को बिना सूचित किए घाना चले गए पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद

माले। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ''सक्रिय राजनीति'' से विराम की घोषणा के बाद संसद को सूचित किए बिना अस्थायी रूप से रहने के लिए घाना चले गए हैं। विवादित शख्सियत माने जाने वाले नशीद ने कहा कि वह 'क्लाइमेट वल्नरेबल फोरम' (सीवीएफ) के महासचिव के रूप में काम शुरू करने के लिए घाना की राजधानी अक्करा पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, ''घाना कुछ वर्षों के लिए मेरा घर होगा। हमें आवश्यक निवेश लाने की उम्मीद है ताकि सीवीएफ सदस्य स्वच्छ जलवायु वृद्धि और समृद्धि की ओर बढ़ सकें। नशीद (56) वर्ष 2008 से 2012 तक मालदीव के पहले राष्ट्रपति रहे। वहीं, संसद ने बताया कि नशीद ने अस्थायी रूप से घाना में रहने के बारे में उस सूचित नहीं किया।


## पुजारी नहीं होने से ब्रिटेन के 50 मंदिरों में पूजा पाठ बंद

### – ब्रिटेन सरकार नहीं दे रही, पुजारियों को वीजा

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन में लगभग 500 मंदिर हैं। 50 मंदिरों में पिछले कई महीनो से पुजारी नहीं है। इसके कारण मंदिरों में पूजा पाठ नहीं हो पा रहा है। मंदिरों को बंद कर दिया गया है। यदि यही हालत रही, तो जल्द ही सैकड़ो और भी मंदिर पूजा पाठ के अभाव में ब्रिटेन में बंद हो सकते हैं। ब्रिटेन में 20 लाख भारतीय रहते हैं। हर मंदिर में पुजारी के बिना पूजा पाठ संभव नहीं है। यहां भारतीय मूल के प्रवासी, गृह प्रवेश, मुंडन और विवाह समारोह मैं मंत्र उच्चारण के लिए इन्हीं पुजारियों के भरोसे रहते हैं। ब्रिटेन सरकार,2 साल के लिए पुजारियों को वीजा देती है। वीजा खत्म होने के 6 माह पहले वीजा के लिए नए पुजारी को आवेदन करना होता है। पुजारी को वीजा देने में कई किस्म की परेशानी आती हैं। भाषा के कारण पुजारी मिल नहीं पाते हैं। ब्रिटेन सरकार, वीजा के लिएभारतीय मुद्रा में पुजारी से 6 लाख रुपए की फीस वसूलती है। ब्रिटेन में 500 से ज्यादा मंदिर हैं। लेकिन पुजारी नहीं होने के कारण अब मंदिरों में पूजा पाठ बंद हो रही है। यदि यही स्थिति रही, तो आगे और भी तकलीफ होगी। यह स्थिति जब है, जब भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ब्रिटेन में हैं।

## पाकिस्तान में नहीं थम रही खूनी हिंसा,इमरान की पार्टी के उम्मीदवार की गोली मारकर हत्या,3 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हैं। इससे पहले यहां खूनी हिंसा शुरु हुई और थमने का नाम नहीं ले रही है। हर दिन कहीं पथराव तो कही खुलेआम गोलियां चलाई जा रहीं हैं,जिसके कारण अब तक करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। बीते रोज पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के उम्मीदवार की गोली मारकर हत्या कर दी। इस दौरान तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि अगले हफ्ते पाकिस्तान में होने वाले चुनाव में नेशनल असेंबली के एक उम्मीदवार की बुधवार को अफगान सीमा से लगे आदिवासी जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी रशीद खान ने कहा कि 8 फरवरी के चुनाव में एक स्वतंत्र उम्मीदवार रेहान ज़ेब खान, जिन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित होने का दावा किया था, और चार सहयोगियों को बाजूर जिले में गोली मार दी गई थी। उन्होंने कहा कि रेहान ज़ेब खान की एक स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई और उनके सहयोगियों की हालत गंभीर है। वहीं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने बुधवार को कहा कि इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14 साल की जेल हुई है। तकनीकी आधार पर इमरान खान की पार्टी से उसका पारंपरिक चुनाव चिह्न, क्रिकेट का बल्ला छीन लिया गया है और उसके उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। पीटीआई के प्रांतीय अध्यक्ष आतिफ खान ने कहा कि रेहान ज़ेब खान पार्टी के सदस्य थे लेकिन पीटीआई के पास आधिकारिक समर्थन वाला निर्वाचन क्षेत्र में एक और उम्मीदवार था। मतपत्र पर पार्टी चिन्ह के अभाव में, कई स्वतंत्र उम्मीदवार इमरान खान की पार्टी का समर्थन होने का दावा कर रहे हैं। पीटीआई ने कहा कि उस पर सैन्य समर्थित कार्रवाई की गई है, जिसमें सैकड़ों समर्थकों, पार्टी सदस्यों और प्रमुख सहयोगियों की गिरफ्तारी शामिल है। दशकों तक पाकिस्तान की राजनीति पर प्रभाव रखने वाली सेना ने आरोपों से इनकार किया है। हाल के दिनों में उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के जनजातीय क्षेत्रों में पीटीआई से जुड़े किसी उम्मीदवार की यह दूसरी हत्या थी। किसी ने उस क्षेत्र में बुधवार के हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



क्काललंपुर में सुल्तान ऑफ जोहर इब्राहित इस्कांदार मलेशिया के 17 वें किंग की शपथ लेते हुए।

## ब्रिटेन के पूर्व जासूस के खिलाफ ट्रंप की याचिका को कोर्ट ने किया खारिज, झूठे दावे करने का लगाया था आरोप

वाशिंगटन। लंदन में एक न्यायाधीश ने डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा दायर एक मुकदमे को खारिज कर दिया। ट्रम्प ने आरोप लगाया गया था कि एक पूर्व ब्रिटिश एजेंट ने चौंकाने वाले और निंदनीय दावे किए थे जो झूठे थे और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया था। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, न्यायाधीश करेन स्टेन ने गुरुवार को कहा कि ट्रम्प ने ऑर्बिस बिजनेस इंटेलिजेंस के खिलाफ जो कार्रवाई की है, उस पर मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दावे को सुनवाई के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति देने के लिए कोई बाध्यकारी कारण नहीं हैं। क्रिस्टोफर



स्टील ने 2016 में एक डोजियर तैयार करने के बाद व्यवसाय की स्थापना की, जिसमें निराधार दावे शामिल थे, जिसने ट्रम्प के उद्घाटन से कुछ समय पहले राजनीतिक हंगामा खड़ा कर दिया था। ट्रम्प ने स्टील द्वारा स्थापित व्यवसाय के खिलाफ मुकदमा दायर किया है जो कभी ब्रिटेन की गुप्त खुफिया सेवा के लिए रूस डेस्क का संचालन करता था, जिसे एमआई 6 के रूप में भी जाना जाता है, ऑर्बिस बिजनेस इंटेलिजेंस कथित तौर पर ब्रिटिश डेटा सुरक्षा नियमों को तोड़ने के लिए ट्रम्प पर हर्जाने के लिए मुकदमा कर रहा है। यह ऐसे समय में आया है जब अटलांटिक के दूसरी ओर कानूनी मुद्दों के बावजूद ट्रम्प 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

# इरान ने अमेरिका को धमकाया कहा- हिम्मत है तो हमला करें हम मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार

**तेहरान, (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रहा तनाव कम होता नजर नहीं आ रहा है। ईरान तो खुले आम अमेरिका को चुनौती देते हुए कह रहा है कि हिम्मत है तो हमला करके देखे, हम भी मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार हैं। दोनों देशों के बीच उसी वक्त से तनाव बढ़ गया था जब जॉर्डन हमले में तीन अमेरिकी सैनिको की मौत हो गई थी। जिस पर अमेरिका ने सीधे तौर पर ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा था इसका बदला लिया जाएगा। इस पर ईरान ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा कि वह इस्लामिक गणराज्य पर किसी भी अमेरिकी हमले का निर्णायक जवाब देने को तैयार है। ईरान-अमेरिका में तनाव के बाद अब चिंता बनी हुई है





कि किसी भी हमले से जंग तेज हो सकती है। यह क्षेत्र पहले से ही गाजा पट्टी में हमास पर इजराइल के चल रहे युद्ध और लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों से परेशान है। ईरानी चेतावनियां सबसे पहले न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी की ओर से आईं। सरकारी एजेंसी के अनुसार, उन्होंने देर रात ईरानी पत्रकारों को एक ब्रीफिंग दी। इरावानी ने इस बात से भी इनकार किया कि ईरान और अमेरिका ने पिछले कुछ दिनों में मध्यस्थों के माध्यम से या सीधे किसी भी संदेश का आदान-प्रदान किया था.लेकिन ईरान की सरकार ने जॉर्डन में बेस पर हमले के लिए जवाबी कार्रवाई की अमेरिकी धमकियों पर ध्यान दिया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर जनरल होसैन सलामी ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा, हम कोई भी धमकी बिना जवाब दिये नहीं छोड़ते। खबरों के अनुसार, उन्होंने कहा कि हमें युद्ध का कोई डर नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि जलमार्ग में अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक ने मंगलवार देर रात हूती विद्रोहियों द्वारा लॉन्च की गई एक एंटी-शिप क्रूज़ मिसाइल को मार गिराया। यह हमला प्रमुख समुद्री व्यापार मार्ग पर गश्त कर रहे अमेरिकी बलों को निशाना बनाकर किया गया था।

## सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के पास हैं प्राइवेट आर्मी, बोइंग, जेट और 300 लग्जरी कार



**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** प्राइवेट आर्मी, बोइंग, जेट और 300 लग्जरी कार के मालिक सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर को मलेशिया का नया राजा चुना गया। जानकारी के अनुसार इब्राहिम इस्कंदर मलेशिया के जोहोर राज्य के सुल्तान हैं। इस देश में नौ जातीय मलय राज्य शासक हैं, जिन्हें बारी-बारी से पांच साल के लिए राजा के रूप में कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी दी जाती है। उन्होंने जोहोर राज्य के 17वें राजा के तौर पर शपथ लिया है। मलेशिया के संघीय राजधानी कुआलालंपुर में मौजूद राष्ट्रीय महल में उन्होंने राजा के पद की शपथ ली। सुल्ताह इब्राहिम इस्कंदर की संपत्ति को लेकर इस समय काफी चर्चा हो रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजा के पास 5.7 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में रियल एस्टेट, खनन से लेकर दूरसंचार और पाम तेल तक के कई उद्योग शामिल हैं। उनके पास 300 से अधिक लग्जरी कारें हैं, जिसमें एडोल्फ हिटलर द्वारा कथित तौर पर उपहार में दी गई एक कार भी शामिल है। वहीं, उनके पास नीले रंग की बोइंग 737 सहित प्राइवेट जेट भी है।

इतना ही नहीं, इस शाही परिवार के पास एक प्राइवेट आर्मी भी है। जोहोर में मल्टी मिलियन-डॉलर फॉरेस्ट सिटी विकास परियोजना में उनकी बड़ी हिस्सेदारी भी शा?मिल है। वह सिंगापुर के साथ एक हाई-स्पीड रेल लिंक परियोजना में उनकी भागीदारी है। इसके अलावा यू मोबाइल में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उनके पास सिंगापुर में 4 अरब डॉलर की जमीन भी है। उनकी पत्नी की नाम जरीथ सोफिया है। वो भी शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वो एक ऑक्सफोर्ड स्नातक हैं और अच्छी लेखिका भी हैं। मलेशिया के राजा मुस्लिम-बहुल देश में इस्लाम के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। राजा को एक प्रधानमंत्री नियुक्त करने की अनुमति है।

## इजराइल ने गाजा पर फिर किया हमला,चंद घंटों में ही डेढ सौ से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। लंबे समय से चल रही इजराइल और इमास के बीच जंग में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। मौत का आंकड़ा देखें तो दोनों देशों से करीब 26 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। ये वो आंकड़ा है जिसका रिकॉर्ड उपलब्ध है। जो लोग लापता हैं या जिनका शव नहीं मिला है,उनका वास्तविक आंकड़ा किसी के पास नहीं है। बीती रात इजराइल ने एक बार फिर बड़ा हमला किया है जिसके कारण कई लोगों की मौत हो गई ।गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इजराइल ने गाजा में एक बार फिर हमला किया है. इस हमले में 24 घंटे के अंदर लगभग 150 लोगों की जान चली गई है. वहीं 313 लोग घायल हैं,मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना ने बुधवार को बताया था कि उन्होंने उत्तरी गाजा में 15 से ज्यादा हमास के आतंकियों को मारा है। साथ ही उन्होंने एक स्कूल में बने आतंकी ठिकाने को भी निशाना बनाया। भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने जारी संघर्ष को यहूदी लोगों के लिए नरसंहार (होलोकॉस्ट) की घटना के बाद सबसे खराब बताया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी जर्मनी और इसके सहयोगियों के हाथों लाखों की संख्या में यहूदी मारे गए थे, जिसे होलोकॉस्ट के नाम से जाना जाता है। गिलोन ने कहा कि गाजा में अब भी 136 अपहृत लोग हैं जो अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। वहीं इजराइली राजदूत ने गाजा में जारी संघर्ष पर भारत सरकार के रुख की सराहना की। हालांकि इजराइल हमास के बीच जंग थमने के आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे। क्योंकि पीएम नेतन्याहू ने हमास की दो प्रमुख मांगों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि इजराइल गाजा पट्टी से पीछे नहीं हटेगा या हजारों आतंकवादियों को रिहा नहीं करेगा। संघर्ष विराम पर बातचीत में ये दोनों बातें हमास की प्रमुख शर्त में रही हैं। वहीं हाल ही में जारी अतंरराष्ट्रीय कोर्ट के फैसले की नेतन्याहू ने अलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि हम अपने देश और लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए जो भी कदम होंगे हम उठाएंगे। उन्होंने कहा था कि हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का अधिकार है।

## मालदीप के राष्ट्रपति की मुश्किलें बढ़ीं कभी भी गिर सकती है सरकार

**माले (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ अनाश शनाप टिप्पणी करने वाले मालदीव के राष्ट्रपति की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रहीं हैं। उनके खिलाफ पूरे देश में माहौल बन गया है। विरोधी नेता और उन्ही की सरकार में शामिल कई नेता राष्ट्रपति मुइज्जू का विरोध कर रहे हैं। बता दें कि जैसे ही भारत के खिलाफ टिप्पणी आईं थी तभी चंद घंटों बाद ही मालदीव के पर्यटन को भारी नुकसान होना शुरु हो गया था। इसके बाद मुइज्जू सरकार पर इतना दवाब बना कि उन्हे अपने तीन मंत्रियों पर सख्त कार्रवाई करना पड़ी। अब हालात ये हैं कि कभी भी मुइज्जू सरकार की छुट्टी हो सकती है।

देश के हालात ऐसे हो चुके हैं कि उनकी सरकार कभी भी गिर सकती है। विपक्ष ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वो सही वक्त के इंतजार में है। समय आने पर मोहम्मद मुइज्जू सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। दरअसल, मोहम्मद मुइज्जू सरकार से मतभेदों की वजह से रविवार को सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच संसद में झड़प हुई थी। संसद में हुई झड़प के बाद से विपक्ष लगातार मोहम्मद मुइज्जू सरकार पर हमलावर है। मुख्य विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की योजना पर काम कर रही है। ये योजना संसद में हंगामे के बाद बनाई गई है। खबर है कि मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने डेमोक्रेट के साथ मिलकर प्रस्ताव के लिए जरूरी समर्थन हासिल कर लिया है। इसके बाद अब विपक्ष की एकजुटता को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि मोहम्मद मुइज्जू सरकार के लिए इस संकट से पार पाना आसान नहीं होगा।

मालदीव के विपक्षी नेता अब राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगने की सलाह दी है। मालदीव जम्हूरी पार्टी के नेता कासिम इब्राहिम ने मोहम्मद मुइज्जू से कहा है कि उन्हें भारत के साथ अपने रिश्ते अच्छे करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को अपनी चीन की यात्रा के बाद दिए गए

## पाकिस्तान में भीषण आतंकी हमलों में अलकायदा का हाथ : यूएन

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा समेत कई राज्यों में भीषण आतंकी हमले के पीछे अलकायदा का हाथ बताया जा रहा है। हालांकि यह खुलासा और किसी ने नहीं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने किया है। दरअसल पाकिस्तान में बीते कुछ सालों में इन हमलों में तेजी से इजाफा हुआ है और यहां तक कि पुलिस चौकियां भी अब सुरक्षित नहीं रही हैं। आतंकवाद से बचे रहने वाले पंजाब में भी हमलों में तेजी आई है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बताया गया है कि इन हमलों के पीछे अलकायदा जैसे खूंखार आतंकी संगठन की फंडिंग और उसके आतंकी हैं, जिन्हें दशकों से पाकिस्तान ने ही पाला है और खाद पानी दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को मिली इस्लामिक स्टेट और अलकायदा, तालिबान मॉनिटरिंग टीम ने अपनी 33वीं रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है।

यूएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हमले करने वाले तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को अलकायदा की ओर से न सिर्फ हथियार मिल रहे हैं बल्कि ग्राउंड सपोर्ट भी दिया जा रहा है। अफगानिस्तान तालिबान भी इसमें सक्रिय रोल अदा कर रहा है। वही अफगान तालिबान जिसके अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज होने पर पाकिस्तान ने जश्न मनाया था और इसे अमेरिका एवं भारत जैसे देशों की हार बताया था। अब यही अफगान तालिबान पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा



समेत बलूचिस्तान और सिंध में आतंकी हमले करा रहा है। हालांकि पाकिस्तान लगातार इसे लेकर चिंता भी जताता रहा है। वहीं अफगानिस्तान से अब उसके रिश्ते भी इसके चलते खराब हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान भले ही कह रहा है कि वह अपनी धरती से आतंकी गतिविधियों को प्रोत्साहित नहीं करेगा, लेकिन अब तक इस पर रोक नहीं लगी है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार बड़ी संख्या में अफगान तालिबान के लड़ाके ही अब टीटीपी का हिस्सा बन गए हैं। इन लोगों को अफगान तालिबान से अच्छी खासी फंडिंग मिल रही है और उनके परिवार के लोगों को भी मदद मिल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक टीटीपी ने 2023 के मध्य में खैबर पख्तूनख्वा में अपना बड़ा बेस तैयार कर लिया है। यहां पर बड़ी संख्या में लड़ाकों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

# 8 फरवरी से पहले पाकिस्तान से आएगी बड़ी खबर ! आर्मी चीफ मुनीर क्यों उगल रहे भारत के खिलाफ जहर

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक बार फिर कैदी नं 804 की मुश्किल बढ़ गई है। चुनाव से ठीक एक हफ्ते पहले विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 10 साल की सजा सुनाई। उनके करीबी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी 10 साल की सजा मिली है। पहले इमरान खान को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए सरकार ने सारे हथकंडे अपनाए। अब जेल की सलाखों के पीछे 10 सालों तक डालने का इंतजाम कर दिया है। इमरान खान अगले पिछ्ले अगस्त से ही रावलपिंडी की जेल में बंद हैं। इमरान खान पर 100 से ज्यादा केस हैं। वहीं 31 जनवरी को पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना केस में 14 साल जेल की सजा सुनाई है। पाकिस्तान में चुनाव 8 फरवरी को होने हैं जिसके लिए प्रचार भी चरम पर है। सियासी जंग जारी है। वहीं इमरान खान को सजा सुनाए जाने के बाद एक बार फिर पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया है। ये सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या वाकई पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव हो पाएंगे।

एक तरफ पाकिस्तान में राजनीतिक बदले का दौर चर रहा है तो दूसरी तरफ मुल्क के टुकड़े-टुकड़े होने की कोशिशें जोर पकड़ने लगी हैं। बलूचिस्तान में विद्रोह की आग लग गई है और दावा किया जा रहा है कि बलूचिस्तान आर्मी ने माच शहर में कई जगहों को अपने कब्जे में ले लिया है और पाक सेना को ढेर कर दिया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी पाकिस्तान के खिलाफ असंतोष है। गिलगित बाल्टिस्तान में तो महंगे आटे को लेकर जनता सड़कों पर है। टुकड़े-टुकड़े होने के कगार पर पहुंचने के बावजूद भी पाकिस्तान की सेना भारत के खिलाफ जहर उगलने से बाज नहीं आ रही है। पाक सेना ने कहा कि भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। इसका असली चेहरा अब दुनिया के सामने आ गया है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर की अध्यक्षता में मंच ने आम चुनाव 2024 का शांतिपूर्ण संचालन के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) की सहायता के लिए पाकिस्तानी सेना की तैनाती पर चर्चा की। पाकिस्तानी सेना ईसीपी के दिशानिर्देशों के तहत संवैधानिक आदेश के अनुसार सौंपे गए कर्तव्यों का पालन करेगी। किसी को भी राजनीतिक गतिविधि के नाम पर हिंसा में शामिल होने और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की सर्वोत्कृष्ट लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

सेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पवित्र और अनुल्लंघनीय है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान



सभी राज्यों के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास करता है। हालाँकि, देश की संप्रभुता, राष्ट्रीय सम्मान और पाकिस्तानी लोगों की आकांक्षाओं पर कभी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सम्मेलन में राज्य-प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देने और पाकिस्तानी नागरिकों को निशाना बनाने, राज्य-प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देने और गैर-न्यायिक हत्याओं के क्रूर भारतीय अभियान के बारे में जानकारी दी गई। इसमें इस बात पर सहमति हुई कि भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन और उसका असली चेहरा दुनिया के सामने लाया जाए। फोरम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले ही भारत के आपराधिक व्यवहार और दुनिया भर में हत्याओं के लिए राज्य तंत्र के उपयोग पर गंभीर चिंता दिखा चुका है।

# दूसरे टेस्ट में जीत के साथ वापसी करना चाहेगी भारतीय टीम

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के साथ ही सीरीज में वापसी करने उतरेगी। भारतीय टीम को पहले ही टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। जिससे वह सीरीज में 1-0 से पीछे है। इस मैच में भारतीय टीम को ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा और केएल राहुल के बिना उतरना होगा। ऐसे में युवा सरफराज खान और रजत पाटीदार को खेलने का अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम पहले मैच में इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायी थी। ऐसे में इस मैच में भारतीय बल्लेबाज मेहमान टीम के स्पिनरों के खिलाफ कोई गलती नहीं करना चाहेंगे। इसी कारण टीम ने जमकर अभ्यास भी किया था। भारतीय बल्लेबाजों को नेट्स में परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट भी अभ्यास करते देखा गया था। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस मैच में भी नहीं खेलेंगे, वहीं जडेजा और राहुल बाहर हो गये हैं। इस प्रकार कुल तीन अहम खिलाड़ियों की कमी युवा खिलाड़ियों को पूरी करनी होगी। इससे भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में बदलाव देखा जाएगा। इन हालातों में पाटीदार, सरफराज और र वाशिंगटन सुंदर के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर है।

इस मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल को भी रन बनाने होंगे, पिछ्ले कुछ समय से ये दोनो ही लय में नहीं हैं। इसके अलावा कप्तान रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में बदलना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इस मैच में ये उपलब्धि हासिल कर लेंगे।

भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में पहले भी दो टेस्ट खेले हैं और यहां उसका रिकॉर्ड




शानदार रहा है। ऐसे में उसका पलड़ा भारी नजर आ रहा है। दूसरी ओर पहला टेस्ट जीतकर इंग्लैंड की टीम का मनोबल भी बढ़ा हुआ है और वह इस मैच में भी पूरे उत्साह से उतरेगी हालांकि प्रमुख स्पिनर जैक लीच के नहीं होने से उसे झटका लगा है। ऐसे में टीम युवा स्पिनर शोएब बशीर को उतार सकती है। तेज गेंदबाज के तौर पर उसके पास मार्क वुड और जेम्स एंडरसन जैसे गेंदबाज हैं। पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी को धवस्त करने वाले स्पिनर टॉम हार्टले इस मैच में भी वही प्रदर्शन दोहराना चाहेंगे। जहां तक बल्लेबाजी की बात है टीम के पास जो रुट जैसा अनुभवी बल्लेबाज है। पहले टेस्ट में नाबाद शतक लगाकर मैच को अपनी टीम की ओर मोड़ने वाले ऑली पोप इस मैच में भी जबरदस्त प्रदर्शन करना चाहेंगे। ऑली की पारी से ही इंग्लैंड टीम को पहले मैच में जीत मिली थी।

### टीम

**भारत** = रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, के एस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमरा और मोहम्मद सिराज

**इंग्लैंड**= बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, शोएब बशीर, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन।

# चेन्नई ओपन में भारतीय पुरुष एकल चुनौती की अगुआई करेंगे सुमित नागल



**मुम्बई (एजेंसी)।** हाल में ग्रैंडस्लैम टूर्नामिंट में वरीय खिलाड़ी को पराजित करने वाले पहले भारतीय बने सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामिंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। नागल (26 वर्ष) ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय और विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज एलेक्जेंडर बुलब्लिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। अभी उनकी विश्व रैंकिंग 121 है। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य भारतीय खिलाड़ी होंगे जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे। टूर्नामिंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछ्ले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल इस दफा हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामिंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जायेंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्डकोर्ट पर उतरेंगी जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी। भारत के महान टेनिस खिलाड़ी और तमिलनाडु टेनिस संघ के अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा, ''एटीपी चैलेंजर जैसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामिंट आयोजित करना सबूत है कि ये भारतीय खिलाड़ियों को विश्व मंच पर शानदार प्रदर्शन करने के लिए फायदेमंद हैं।' उन्होंने रोहन बोपन्ना को आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने और एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए बधाई देते हुए कहा, ''मैं रोहन बोपन्ना को दुनिया का नंबर एक युगल खिलाड़ी बनने और आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने के लिए बधाई देकर खुश हूं। यह रोहन के शानदार उपलब्धि है और 43 वर्ष की उम्र में यह खिताब मिलना और ज्यादा शानदार है।

## अंडर 19 विश्व कप: आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल से होगा भारत का सामना



**ब्लोमफोन्टेन (एजेंसी)।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी।

पाकिस्तान (प्लस 1.06) और भारत (प्लस 3.32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता।

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने अभी तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान सहारन, विकेटकीपर बल्लेबाज अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है।

सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढा होगा । बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाये जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने पांच विकेट लिए थे।

# सरफराज या पाटीदार में से किसी एक का चयन करना कठिन : राठौड़

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा है कि यहां शुक्रवार से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में सरफराज खान या रजत पाटीदार में से किसे अंतिम ग्यारह में अवसर मिलेगा बता पाना कठिन है क्योंकि दोनो का ही प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। केएल राहुल और रविन्द्र जडेजा के चोटिल होने के कारण टीम में हुए बदलाव के तहत ही रजत और सरफराज को टीम में जगह मिली है।

राठौड़ ने हाल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर का भी बचाव किया। राठौड़ ने सरफराज और पाटीदार में से किसी अवसर मिलेगा। इसको लेकर कहा कि यह एक कठिन विकल्प होगा। हाल में रजत का प्रदर्शन काफी अच्छा



रहा है। उन्होंने इंग्लैंड लायंस टीम के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की है। उन्होंने अपने पूरे जीवन में रणजी ट्रॉफी में मध्य प्रदेश के लिए नंबर 4 और नंबर 5 पर बल्लेबाजी की है और 46 की औसत से 4000 रन बनाए हैं। दूसरी ओर सरफराज ने भी पिछले तीन मैचों में मुंबई और भारत ए की ओर से नंबर 5 पर बल्लेबाजी की है।दूसरे टेस्ट से पहले पुरुष चयन समिति ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को भी भारतीय टीम में शामिल किया है।

सरफराज भी इस मैच में अंतिम ग्यारह में जगह हासिल कर सकते हैं। केएल राहुल अभी दाहिने जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह सरफराज को अवसर मिल सकता है। इसके अलावा सौरभ कुमार, वॉशिंगटन सुंदर और रजत पाटीदार भी जगह बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम ग्यारह का फैसला कोच और कप्तान लेंगे और इसपर वह कुछ नहीं कह सकते।

## इंग्लैंड के स्पिनर लीच दूसरे टेस्ट से बाहर हुए , बशीर को मिल सकता है अवसर

विशाखापत्तनम ।इंग्लैंड के स्टार स्पिनर जैक लीच चोटिल होने के कारण शुक्रवार से यहां भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं ।जैक का बाहर होना मेहमान टीम के लिए एक करारा झटका है ।इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि लीच घुटने में चोट के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पायेंगे ।लीच को ये चोट हैदराबाद में हुए पहले क्रिके टेस्ट मैच में लगी थी ।लीच ने पहले मैच में चोटिल होने के बाद भी गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी ।अब उनके नहीं खेलने से टीम को गेंदबाजी आक्रमण कमजोर होगा ।लीच इंग्लैंड की वर्तमान टीम के सबसे अनुभवी और सफल स्पिनर हैं ।ऐसे में अब उनके बाहर होने पर नये गेंदबाज शोएब बशीर को अवसर मिल सकता है ।बशीर हाल ही में टीम ने जुड़े हैं ।20 साल के बशीर ऑफ स्पिनर हैं ।विशाखापत्तनम की पिच स्पिनरों की सहायक हो सकती है ।इसी कारण उन्हें लीच का सबसे बेहतर विकल्प माना जा रहा है ।इस स्पिनर ने हालांकि अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है ।लीच के बाहर होने के बाद भी मेहमान टीम का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नहीं कहा जा सकता है क्योंकि उसके पास टॉम हार्टली जैसा स्पिनर भी है ।हार्टली ने पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी कर सबसे ज्यादा विकेट लिए थे ।



## कुश्ती महासंघ के निलंबित अध्यक्ष संजय बोले, सरकार से बात कर निलंबन समाप्त कराने का प्रयास करेंगे

नई दिल्ली ।भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह का कहना है कि वह अगले दस दिनों में सरकार से बात कर अपना निलंबन समाप्त कराने और कामकाज शुरु करने का प्रयास करेंगे ।संजय को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद के चुनावों में जीत मिली थी लेकिन यौन उत्पीड़न के आरोपी पूर्व अध्यक्ष बुजभूषण शरण सिंह का करीबी होने के कारण पहलवानों ने उनका विरोध किया था जिसके बाद खेल मंत्रालय ने संजय को अध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया था ।सिंह ने कहा कि वह पहलवान विनेश फोगट और साक्षी मलिक से मिलेंगे और ये पक्का करेंगे कि उनकी शिकायतों का निवारण अदालतों में हो। संजय ने कहा कि अभी 2 ओलिम्पिक क्वालीफाइंग इवैंट शेष हैं। ऐसे में पुणे नेशनल्स के विजेताओं को शिविर में बुलाकर हम परीक्षण करेंगे और उन्हें क्वालीफायर में भेजेंगे। साथ ही कहा कि मुझे विश्वास है कि 4 से 5 और पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। अंतिम पंघाल पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। संजय ने कहा कि खेल मंत्रालय ने जो तदर्थ समिति गठित की है वह नियमों के खिलाफ है। साथ ही कहा कि एक बार जब हमें जिम्मेदारी मिल जाएगी तो हम अच्छे पहलवानों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे जिससे ओलंपिक के लिए योग्य पहलवानों को अवसर मिलेगा।

## ऋषभ पंत कार हादसे को यादकर बोले– 'एक्सीडेंट के बाद पैर खोने का डर था'



नई दिल्ली।भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था।पंत दिसंबर 2022 में दिल्ली से अपने परिवार के पास अपने शहर रूड़की जा रहे थे जब उनकी कार सड़क के बीच डिवाइडर से टकरा गई।वह उस समय मीरपुर टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाकर बांग्लादेश से लौटे ही थे।उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स की सीरिज 'बिलीव -टू डैथ एंड बैक' में कहा,'' अगर कोई नस क्षतिग्रस्त होती तो पैर गंवाने का डर था।मैं उस समय डर गया था।'' पंत ने कहा,'' मैंने एसयूवी ली थी लेकिन वह बाद में सेडान लग रही थी।'' हादसे को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके दाहिने घुटने की हड्डी खिसक गई थी और उन्हें काफी दर्द हो रहा था।उन्होंने कहा,'' वहां आसपास कोई था तो मैंने पूछा कि पैर को वापिस जगह पर लाने में मदद कर सकता है।उसने मेरे घुटने को सही जगह पर पहुंचाने में मदद की।'' दो व्यक्तियों रजत कुमार और निशु कुमार ने पंत को उनकी एसयूवी से निकाला जो बाद में आग की लपटों में थी। पंत ने कहा,'' जीवन में पहली बार ऐसा महसूस हुआ।हादसे के समय चोट के बारे में तो पता था लेकिन मैं खुशकिस्मत था क्योंकि यह और गंभीर हो सकती थी।'' पंत का शुरूआती इलाज देहरादून में हुआ जिसके बाद उन्हें हवाई जहाज से मुंबई ले जाया गया जहां बीसीसीआई ने विशेषज्ञ से उनका इलाज कराया। दाहिने घुटने के सभी तीनों लिगामेंट के आपरेशन के बाद पंत ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया। पंत मार्च में आईपीएल के जरिये वापसी कर सकते हैं।

# तीसरे टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं विराट कोहली, बीसीसीआई ने वापसी पर साधी चुप्पी



**मुम्बई (एजेंसी)।** 2 फरवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच विशाखापट्टनम में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज नहीं दिखेंगे। दरअसल, 5 मैचों की सीरीज शुरू होने से पहले ही शुरू के दो टेस्ट मैचों से निजी कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया था। लेकिन अब तीसरे टेस्ट में भी उनके खेलने की संभावनाएं कम ही हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने कोहली की वापसी पर चुप्पी साध रखी है।

भारत को उस समय बड़ा झटका लगा था जब कोहली पहले दो टेस्ट मैचों से हट गए थे। बीसीसीआई ने उस दौरान मीडिया से कहा कि कोहली कुछ खेलों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

लेकिन 2 फरवरी से होने वाले मुकाबले के साथ कोहली की उपलब्धता पर ध्यान देना बाकी है। स्टार बल्लेबाज कोहली की गौरमौजूदगी में हैदराबाद में दूसरी पारी में भारत के बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे। जिस कारण भारत को 28 रनों से हार झेलनी पड़ी।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोहली फिलहाल भारत में नहीं हैं। स्टार बल्लेबाज विदेश में हैं और ऐसे में कोहली की टीम इंडिया में वापसी पर सवाल खड़े हो गए हैं। ये देखना होगा कि भारत के पूर्व कप्तान कब टीम में वापसी करते हैं।

# टेस्ट खेलने को लेकर उत्साहित हैं रजत पाटीदार

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** बल्लेबाज रजत पाटीदार इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम में जगह मिलने से बेहद उत्साहित हैं। रजत ने कहा कि टेस्ट टीम में जगह मिलना सबसे सुखद अनुभव है। कहा कि वह टेस्ट खेलने के लिए उत्साहित हैं। केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के चोटिल होने के कारण और विराट कोहली के निजी कारणों से इस मैच से बाहर होने के कारण ही पाटीदार को अवसर मिल पाया है। बीसीसीआई के एक वीडियो में पाटीदार ने कहा, जब भी कोई खिलाड़ी घायल हो जाता है, तो उसके लिए यह बेहद कठिन हो जाता है। मैंने स्वयं से कहा कि मैं अपना रिकवरी समय नहीं बदल सकता, अपने को वर्तमान में रखा और इसे स्वीकार किया। चोट से वापसी करते हुए अपना पहला टेस्ट कॉल-अप पाना मेरे लिए सबसे खुशी की बात है क्योंकि भारत के लिए टेस्ट खेलना मेरा सपना रहा था। इस बल्लेबाज ने कहा कि वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और नेट्स में कप्तान रोहित के साथ बल्लेबाजी पर सलाह हासिल करते रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरी बल्लेबाजी शैली आक्रामक है और मैं अपने घरेलू क्रिकेट के दिनों से ही इसी तरह खेलता आया हूं। यह मेरी आदत है, यह अच्छी तैयारी से ही हुई है। विरोधी खिलाड़ी कैसे गेंदबाजी करते हैं, वहीं रोहित जैसे खिलाड़ी कैसे इसका सामना करते हैं, मैं इसे अपने खेल में लाने का प्रया करता हूं।

इस बल्लेबाज ने माना कि उन्हें विराट को बल्लेबाजी करते हुए देखना पसंद है विशेष रुप से उनके फुटवर्क और बॉडी मूवमेंट का ध्यान रखना। पाटीदार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेला है। वहीं विराट आरसीबी के कप्तान रहे हैं। पाटीदार ने कहा, मैं हमेशा नेट्स के पीछे से विराट की बल्लेबाजी को देखता आया हूं।



उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखने में मुझे बहुत मजा आता है। मैं इसे अपने खेल में जोड़ने की कोशिश करता हूं। वहीं इंग्लैंड लायंस के खिलाफ जारी तीन अनौपचारिक टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में पाटीदार ने 111 रन बनाए जबकि दूसरे में 151 बनाये थे।

# चोट के कारण मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे रोनाल्डो

रियाद। क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को यहां मुकाबला होना है। अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा।' मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।



## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र पहले, तमिलनाडु दूसरे स्थान पर रहा

चेन्नई ।यहां हुए खेलों इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र के खिलाड़ी छाये रहे हैं।उसके खिलाड़ियों ने सबसे अधिक पदक जीतकर अपने पास ओवरऑल चैंपियनशिप बरकरार रखी। महाराष्ट्र के तैराक ऋषभ दास ने पहले लड़कों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता और फिर चार गुणा चार सौ मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में स्वर्ण पदक तालिका में नंबर एक स्थान हासिल किया।महाराष्ट्र ने कुल 57 स्वर्ण, 48 रजत और 53 कांस्य सहित कुल 156 पदकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।मेजबान तमिलनाडु को अंतिम दिन तीन स्वर्ण मिले पर इसके बाद भी वह 38 स्वर्ण, 21 रजत और 39 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं हरियाणा 35 स्वर्ण, 22 रजत और 46 कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर रहा।दिल्ली की टीम चौथे जबकि राजस्थान की टीम पांचवे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन तेलंगाना की वृत्ति अग्रवाल ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते।वृत्ति ने पांच स्वर्ण पदक जीतकर एक रिकॉर्ड बनाया।उन्होंने बुधवार को पहली बार 2-22.89 सेकंड समय निकालकार 200 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीता, और दूसरे स्थान पर रहीं कर्नाटक की रितिका महेश बैंगलोर से लगभग चार सेकंड आगे रहीं।17 वर्षीय वृत्ति ने 2022 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, फिर 17-59.51 सेकेंड के समय के साथ 1500 मीटर फ्रीस्टाइल का ताज हासिल करने के लिए वापस आईं।कर्नाटक की अदिति मुले (18-12.77 सेकेंड) और श्री चरणी तुमु (18-17.85 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।राजस्थान के युग चेलानी के पास भी पांच स्वर्ण पदक के साथ समापन करने का मौका था, लेकिन वह लड़कों की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में कर्नाटक के एस. धनुष के बाद दूसरे स्थान पर रहे और चार स्वर्ण व एक रजत पदक जीते।

## जय शाह का कार्यकाल एक साल और बढ़ा

मुंबई ।एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ गया है। इस प्रकार वह लगातार तीसरे साल भी एसीसी अध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे। एसीसी की आम बैठक में सर्वसम्मति से उनका कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया है। वार्षिक आम बैठक में शाह के कार्यकाल विस्तार का प्रस्ताव श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने दूसरी बार किया और इसे एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपना समर्थन दिया।शाह जनवरी 2021 में एसीसी अध्यक्ष बने थे।शाह के नेतृत्व में एसीसी ने पूरे एशियाई क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने और विकसित करने में अहम भूमिका निभाई है।एसीसी ने साल 2022 में टी20 प्रारूप में और 2023 में एकदिवसीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया। शम्मी सिल्वा ने कहा कि एसीसी को पूरे एशियाई क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने और विकसित करने और प्रगति की दिशा में ले जाने में जय शाह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# दूसरे टेस्ट से पहले केएस भरत ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, कहा- इंग्लैंड की आक्रामकता से निपटने के लिए योजना है

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के विकेटकीपर केएस भरत ने गुरुवार को कहा कि चोटों से प्रभावित भारतीय खेमे में कोई हड़बड़ाहट नहीं है और घरेलू टीम ने यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए नयी योजना बनायी है जिसमें जरूरत पड़ने पर स्वीप शॉट लगाना भी शामिल है। भरत अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलेंगे।

उन्होंने कहा कि टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में रही अपनी खामियों पर काम किया है जिसमें इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए 28 रन से जीत दर्ज की थी। ओली पोप की अगुआई में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेलकर भारतीय स्पिनरों का आराम से सामना किया। शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट में उनके इसी जज्बे से खेलना जारी रखने की उम्मीद है।

भरत ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''वे काफी अच्छा खेले। श्रेय उनको दिया जाना चाहिए। ओली पोप ने वास्तव में काफी अच्छे शॉट खेले।'' भारतीय टीम अपने स्टार आल राउंडर रविंद्र जडेजा और शीर्ष बल्लेबाज केएल राहुल के बगैर खेलेगी जो चोटिल हो गये हैं। भरत ने कहा, ''हमारी टीम बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की जिन्हें हम बेहतर तरीके से कर सकते थे और हां, हमारी निश्चित रूप से कुछ योजनायें हैं। हम निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले मैच में कैसा खेल दिखाया, कुछ रिवर्स शॉट खेले। इस पर हमने निश्चित रूप से काम किया है।''

भारतीय बल्लेबाज ज्यादा स्वीप शॉट्स नहीं खेलते हैं लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले दो ट्रेनिंग सत्र में इन शॉट का अभ्यास करते हुए दिखायी दिये। क्या इसका मतलब है कि घरेलू टीम ज्यादा 'स्क्वायर ऑफ द विकेट' खेलेगी? उन्होंने कहा, ''भारत में हम इस तरह के ट्रैक पर काफी क्रिकेट खेले हैं। ऐसा नहीं है कि हम स्वीप, रिवर्स स्वीप या पेडल शॉट खेलना नहीं जानते, लेकिन टीम की हालात को देखते हुए उस विशेष दिन हम बल्लेबाज फैसला करते हैं।''

भरत ने कहा, ''हमारे लिए बहुत स्पष्ट है कि स्वतंत्रता से खेलें। हमने पहले मैच से पहले भी रिवर्स स्वीप शॉट का अभ्यास किया था। लेकिन क्रीज पर खेलते हुए यह बल्लेबाजी की व्यक्तिगत योजना होती है।'' हैदराबाद में दूसरी




पारी में इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन फिर टॉम हार्टले की खूबसूरत गेंद पर आउट हो गये। उन्होंने कहा, ''अगर टीम एक निश्चित तरीक से खेलने की मांग करती है तो हमें ऐसा ही करना होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में डिजिटल पेमेंट का बढ़ा दायरा, एक साल में 10.94 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** देश में डिजिटल भुगतान में सितंबर 2023 से पहले के एक साल में 10.94 प्रतिशत की वृद्धि रही है। ऑनलाइन लेनदेन मापने वाले आरबीआई सूचकांक से यह जानकारी सामने आई है।




आरबीआई का डिजिटल भुगतान सूचकांक सितंबर 2023 के अंत में 418.77 पर था, जबकि सितंबर 2022 में यह 377.46 था। वहीं, मार्च 2023 में यह सूचकांक 395.57 पर था। आरबीआई ने कहा कि सूचकांक सभी मापदंड़ों में बढ़ा है।

**डिजिटल भुगतान का बढ़ा दायरा-** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अपने बयान में कहा, आरबीआई-डीपीआई इंडेक्स सभी मापदंडों में बढ़ा है। आरबीआई ने बताया कि विशेष रूप से देश भर में भुगतान में वृद्धि दर्ज की गई है।

बता दें कि केंद्रीय बैंक ने पूरे देश में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा को आंकने के लिए आधार के रूप में मार्च 2018 में एक समग्र सूचकांक के गठन की घोषणा की थी। इसके तहत पांच व्यापक मापक शामिल किए गए हैं, जो अलग-अलग समय में देश में डिजिटल भुगतान के बारे में पता लगाता है। ये रिपोर्ट मार्च 2021 के बाद से प्रकाशित किए जाते हैं। ये चार महीने देर से मार्च 2021 से अर्ध-वार्षिक आधार पर जारी किया जाता है।

### एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी सिलेंडर के रेट बढ़ गए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आज एक फरवरी को एलपीजी से लेकर एटीएफ तक के रेट अपडेट की हैं। आज यानी गुरुवार को एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 14 रुपये महंगा हुआ है। यह बढ़ोतरी दिल्ली, जयपुर, इंदौर, लखनऊ, अहमदाबाद, मेरठ, आगरा, मुंबई




समेत पूरे देश में हुई है।हालांकि कि रेट केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के बदले हैं। 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किए गए हैं।

आगरा में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर आज से 1817.5 रुपये का हो गया है। 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब जयपुर में 2046 रुपये , लखनऊ में 1883 रुपये और अहमदाबाद में 1866.5 रुपये का हो गया है। नागपुर में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1947.5 रुपये में आज से मिलेगा तो इंदौर में 1876 रुपये में बिकेगा। अभी भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट की कीमत दिल्ली में 903 रुपये है तो कोलकाता में 929 रुपये। आज एक फरवरी को मुंबई में 902.50 रुपये और चेन्नई में 918.50 रुपये है। बता दें आखिरी बार घरेलू सिलेंडर के दाम 30 अगस्त 2023 को बदले थे। एक मार्च 2023 को एलपीजी के रेट दिल्ली में 1103 रुपये प्रति सिलेंडर थे। इसके बाद एक ही बार में 200 रुपये सस्ता कर दिया गया। आज कॉमर्शियल सिलेंडर दिल्ली में 1755.50 रुपये की जगह 1769.50 रुपये में मिलेगा। कोलकाता में यह एलपीजी सिलेंडर 1869 की जगह आज से 1887 रुपये में मिलेगा।

# निर्मला के नवरत्न, जिन्होंने तैयार किया साल 2024 का अंतरिम बजट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज यानी 1 फरवरी को अपना छठा बजट पेश करने जा रही है। हालांकि, आपको बता दें कि यह अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार छठी बार अपनी खास टीम के साथ मिलकर यह अंतरिम बजट बनाया है। इस साल इनकी टीम में नौ लोग शामिल हैं, जिन्हें नवरत्न कहा जा रहा है। यह सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों के दिग्गज हैं।

बजट बनाने में शामिल प्रमुख सदस्य राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा; आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ; निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडे; वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी; वित्त सचिव टीवी सोमनाथन; मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हैं। इस खबर में हम आपको निर्मला सीतारमण के उन नवरत्नों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने अपने-अपने कौशल को इस बजट में पूरी तरह से इस्तेमाल किया है।

**निर्मला सीतारमण-** आपको बता दें, निर्मला सीतारमण साल 2019 से ही बजट पेश कर रही हैं। इस साल वह छठा बजट पेश कर रही हैं। मालूम हो कि आज निर्मला सीतारमण छठा बजट पेश करने वाली दूसरी वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने भी 5 पूर्ण और 1 अंतरिम बजट पेश किया था। वह विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श का नेतृत्व करती है, कर और खर्च की प्राथमिकताएं तय करती है और अंत में संसद में बजट का अनावरण करती है।




बता दें कि उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की पढ़ाई की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में वाणिज्य और रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। वह कर्नाटक से राज्यसभा सांसद भी हैं। भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री भी हैं। इससे पहले वह पहली पूर्णकालिक महिला रक्षा मंत्री भी रह चुकी हैं।

**टीवी सोमनाथ (वित्त सचिव)-** तमिलनाडु के आईएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन इस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय सबसे सीनियर सेक्रेटरी हैं, जिन्हें फाइनेंस सेक्रेटरी की जिम्मेदारी दी गई। वह विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों की एक टीम का नेतृत्व करते हैं, आर्थिक आंकड़ों का विश्लेषण करते हैं और बजट दस्तावेज का एक मसौदा तैयार करते हैं। बता दें कि इस बजट को तैयार करने में वह वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और पीएमओ अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी सोमनाथन ने अप्रैल, 2015 से अगस्त, 2017 तक प्रधानमंत्री कार्यालय में काम किया था। वित्त मंत्रालय में शामिल होने से पहले वह प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव थे। साल 2020 में वह केंद्रीय वित्त मंत्रालय में एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी बने थे, जिसके बाद से वह बजट निर्माण की प्रक्रिया से भी नजदीक से लगातार जुड़े रहे हैं।

**अजय सेठ (आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव)-** कर्नाटक कैडर में 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अजय सेठ इस वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। इनका अधिकांश अनुभव सार्वजनिक वित्त, सामाजिक क्षेत्र प्रशासन, सार्वजनिक व्यय, कर नीति और प्रशासन, बजट, परियोजना मूल्यांकन, शहरी परिवहन और बुनियादी ढांचे समेत कई संबंधित मामलों से निपटना के क्षेत्र में रहा है।

वह साल साल 2021 में वित्त मंत्रालय आए थे और मंत्रालय के अति महत्वपूर्ण बजट डिवीजन को लीड किया। मालूम हो कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुई जी20 (जी20) बैठक के दौरान वह चर्चा में आए थे। वह त20 ब्लॉक के वित्त ट्रैक के प्रभारी अधिकारी थे।

# 163 साल पुरानी है बजट की विरासत, भारत के पहले बजट से लेकर इस बजट में पेश हुआ था सबसे लंबा भाषण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर साल आने वाले वित्त वर्ष की प्लानिंग के लिए सरकार बजट पेश करती है। इस बजट में सरकार अपने खर्च के साथ रेवेन्यू को लेकर अनुमान लगाती है। आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वोट ऑन अकाउंट पेश किया जाएगा। बजट पेश करने को बजट भाषण भी कहा जाता है।

इन भाषण को रिकॉर्ड किया जाता है। ऐसे में हर साल बजट की समयसीमा अलग होती है। चलिए जानते हैं कि अभी तक का सबसे लंबा बजट भाषण कौन-सा है

**किसने पेश किया भारत का पहला बजट-** भारत में पहला बजट 7 अप्रैल 1860 को पेश किया गया था। यह बजट ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेश किया था। यह बजट उस समय के स्कॉटिश अर्थशास्त्री जेम्स विल्सन ने पेश किया था। इसके बाद से बजट का सिलसिला जारी रहा। इसका मतलब है कि भारत में बजट पेश करने की परंपरा 163 साल पुरानी है। हालांकि, इसमें समय-समय पर बदलाव देखने को मिला है।




आजादी के बाद पहला बजट 26 नवंबर 1947 को तत्कालीन वित्त मंत्री आरके शन्मुखम चेट्टी द्वारा पेश किया गया था। अभी तक देश में 75 यूनियन बजट, 14 अंतरिम बजट और 4 स्पेशल बजट पेश हो गए हैं। इस साल 1 फरवरी 2024 को भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। बजट के साथ बजट भाषण भी पेश किया जाता है।

**यह है लंबा बजट भाषण-** अभी तक का सबसे लंबा बजट भाषण 1 फरवरी 2020 को पेश हुआ था। यह भाषण वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दिया गया था। इन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया था। इस बजट का समय 2 घंटे 52 मिनट था। इस भाषण में उन्होंने जुलाई 2019 का अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

जुलाई 2019 में उन्होंने 2 घंटे 17 मिनट बोला था। वर्ष 2019 में उन्होंने पहली बार बजट पेश किया था। वहीं, सबसे छोटा बजट हीरूभाई मूलजीभाई पटेल ने पेश किया था। उन्होंने अपने बजट भाषण में केवल 800 शब्द बोले थे। आपको बता दें कि वर्ष 1977 से 1979 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार थी।

# विप्रो में सैकड़ों कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप कंपनी स्विगी के बाद अब देश की दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो में नौकरियों की संकट को लेकर बुरी खबर सामने आई है। विप्रो भी अब अपने कर्मचारियों को झटका देते हुए छंटनी करने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विप्रो अपने मार्जिन में सुधार करने के लिए छंटनी का रास्ता अपना रहा है। कंपनी के इस कदम से सैकड़ों मिड-रेंज यानी मध्य स्तर के कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। खबरों के अनुसार कंपनी मिड लेवल के 100 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करेगी।




**प्रॉफिट मार्जिन में सुधार के लिए छंटनी-** विप्रो मिड लेवल के कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के प्रोसेस में है, क्योंकि कंपनी अपने प्रॉफिट मार्जिन में सुधार करना चाहती है। इससे पता चलता है कि आईटी कंपनियों के लिए मार्जिन में सुधार और लागत बचाने के लिए कर्मचारियों की छंटनी करना एक चलन बन गया है।

**कम प्रॉफिट मार्जिन बना चुनौती -** विप्रो इस समय भारत में सूचीबद्ध चार सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनियों में सबसे कम प्रॉफिट मार्जिन की चुनौती का सामना कर रही है। दिसंबर तिमाही में इसका मार्जिन 16 फीसदी रहा, जो टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (25 फीसदी), इंफोसिस (20.5 फीसदी) और एचसीएल टेक्नोलॉजीज (19.8 फीसदी) से काफी कम है। कंपनी अब अपने कारोबार को बेहतर बनाने के लिए कुछ नौकरियों में कटौती करने की तैयारी कर रही है।

# बजट में ज्यादा उपाय नहीं किए गए : केवी सुब्रमण्यम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने भी अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें यह ध्यान रखना होगा कि यह अंतरिम बजट है। पूर्ण बजट चुनाव के बाद जून या जुलाई में पेश किया जाएगा, इसलिए इस बजट में ज्यादा उपाय नहीं किए गए होंगे। मुझे लगता है कि इस बजट में सरकार पिछले वर्षों की अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाएगी। शायद कुछ नया देखने को भी मिल सकता है। हो सकता है महिलाओं से जुड़ा कुछ नया हो सकता है। मैं देख रहा हूं पिछले वर्षों के अच्छे कदमों को फिर से दोहराया जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी स्थिति में है।



**महामारी के दौरान नई नीतियों को हमने अपनाया था-**केंद्रीय अंतरिम बजट के पेश होने से पहले पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने कहा कि मैं कहा था कि विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक रहेगी और वास्तव में आंकड़ें यही हैं। कोविड महामारी के दौरान हमने कई नीतियों को अपनाया था, जिसका लाभ हमें देखने को मिला है। पूंजीगत व्यय में लगभग 3.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जब आप विकास दर को देखते हैं, तो आपको याद होगा कि महामारी के दौरान लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया था। भारतीय अर्थव्यवस्था काफी मजबूत है। आईएमएफ भी इसे स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

**दुनिया के मुकाबले भारत में महंगाई काबू में- सुब्रमणयम-** केंद्रीय अंतरिम बजट से पहले आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने कहा कि वैश्विक बाजार अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है क्योंकि महामारी के दौरान खर्च के कारण महंगाई हुई। इसे नीचे लाने के लिए ब्याज दरों को बढ़ा दिया है, इसलिए ब्याज दरें अभी तक कम नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि वहीं भारत की स्थिति पूरी तरह से अलग है। भारत में महंगाई काबू में हैं। आने वाले समय में नीतिगत दरें भी कम हो सकती हैं। लेकिन आप अगर समग्र रूप से चीजों को देखते हैं तो राजकोषीय घाटा कम किया जा सकता है। चालू खाता घाटा अच्छी स्थिति में हैं। भारत में महंगाई भी नियंत्रण में है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि महामारी के प्रभावों पर पूरी तरह भारत ने काबू पा लिया है।

# डॉर्बी के डायरेक्टर और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने बताया क्यों है ये सबसे अलग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डॉर्बी एक्सपीरियंस सेंटर सिर्फ लैमिनेट्स दिखाने के लिये नहीं है। इसका लक्ष्य तरह-तरह के उत्पादों को पेश करना है, जिनमें प्लायवुड और सजावटी चीजें शामिल हैं। यह सरफेस डेकोर ब्राण्ड अपने सेंटर को ए एण्ड डी कम्युनिटी के लिये अनुकूल एक रचनात्मक कार्यस्थल भी बनाना चाहता है, जिनमें आर्किटेक्ट्स, डिजाइनर्स और फ्रीलांसर्स शामिल हैं।



डॉर्बी के डायरेक्टर और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने बातचीत के दौरान बताया कि डॉर्बी की शुरुआत हमने 2017 से की थी सबसे पहले वेस्टर्न जोन से स्टार्ट किया था धीरे- धीरे ये चारों तरफ फैल गया। सभी डीलर्स के पास हमारी कलेक्शन मिलेगी लेकिन हर कस्टमर वेराईटी चाहता है और सारी वैराइटी डीलर्स रख नहीं सकते। इसलिए हमने सोचा अपना स्टोर खोलना चाहिए। जिससे हमारी सारी कलेक्शन कस्टमर एक जगह पर देख सकें।

मेहुल अग्रवाल आगे कहते हैं कि इंडिया बहुत बड़ा है, यहा मार्केटिंग करना बहुत मुश्किल है। मैं ये जरूर कह सकता हूं कि पांच साल में हमने इतना कर लिया कि ऐसी कोई जगह नहीं कि डॉर्बी आपको न मिले।

मेहुल अग्रवाल ने ये भी कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ माल बेचना नहीं है, हम चाहते हैं यह अपनी अलग पहचान बनाए लोग इसे इसके डिजाइन्स के लिए जानें। दूसरा प्राइजिंग भी हमारी सबसे अलग है। हमारे पास 800 से 8000 तक की प्राइजिंग है। साथ ही डॉर्बी मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में आगामी एक्सपीरियेंस सेंटर्स के साथ अपनी मौजूदगी बढ़ाने की योजना में है। मेहुल अग्रवाल बताते हैं कि कीर्ति नगर, दिल्ली में अपने अत्याधुनिक 'डॉर्बी एक्सपीरियेंस सेंटर' भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है यह एक नहींकई उद्देश्यों के लिये होगा और उद्योग से जुड़े अनगिनत साझेदारी के काम आएगा। दिल्ली हमारे उत्पादों के पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मार्केटिंग के लिये एपिसेंटर का काम करेगी। यह रणनीतिक फैसला डॉर्बी को उस बाजार में फलने-फूलने का मौका देता है, जहाँ ग्राहक अच्छी गुणवत्ता के ब्राण्ड्स की तारीफ करते हैं और उनमें निवेश करने की इच्छा रखते हैं। इस एक्सपीरियेंस सेंटर के लॉन्च से हम उत्साहित हैं और अपने ग्राहकों को अपने कलेक्शंस का समृद्ध अनुभव देने की आशा करते हैं।''

# बजाज फिनसर्व हेल्थ ने किया विडाल हेल्थकेयर सर्विसेज का अधिग्रहण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बजाज फिनसर्व लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बजाज फिनसर्व हेल्थ लिमिटेड ने विडाल हेल्थकेयर सर्विसेज लिमिटेड में पूरी 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। बजाज फिनसर्व हेल्थ ने यह अधिग्रहण 325 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर हुआ है। पुणे स्थित बजाज फिनसर्व हेल्थ पहली डिजिटल हेल्थ टेक कंपनी है। कंपनी का बड़ा नेटवर्क है। कंपनी के पास एक लाख से ज्यादा चिकित्सक, 5,500 लैब और 2,100 अस्पतालों का नेटवर्क है। यह आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ भागीदार है। कंपनियों की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, 325 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर यह अधिग्रहण मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। सौदा पूरा होने पर विडाल और उसकी सब्सिडियरी कंपनी बजाज हेल्थ की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनियां बन जाएंगी। बयान में कहा गया कि इस अधिग्रहण से लोगों की अस्पताल में भर्ती होने संबंधी जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में बजाज हेल्थ की क्षमताओं का विस्तार करने में मदद मिलने की संभावना है। बजाज फिनसर्व हेल्थ के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर देवांग मोदी के मुताबिक, यह अधिग्रहण बजाज हेल्थ को लोगों को ओपीडी, देखभाल के साथ-साथ अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

# औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों में लगेंगे छह लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर, निजी कंपनी को दी गई जिम्मेदारी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शहर में जल्द छह लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर और लगाए जाएंगे। ये मीटर औद्योगिक और आवासीय दोनों ही क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। इस बार अधिक किलोवाट क्षमता के औद्योगिक मीटर भी शामिल हैं। इस काम के लिए निजी कंपनी को जिम्मेदारी दे दी गई है।

इसका एक कार्यालय केस्को और दूसरा दक्षिणांचल विद्युत निगम में बनाया जाएगा। अब तक शहर में करीब एक लाख 56 हजार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुके हैं।प्रीपेड स्मार्ट मीटर को मोबाइल फोन की तरह रिचार्ज किया जा सकेगा। अभी घरेलू जरूरतों के लिए सबसे कम एक किलोवाट के मीटर लगाए गए हैं। वहीं, औद्योगिक उपयोग के लिए 25 किलोवाट क्षमता के मीटर लगाए गए हैं। नए स्मार्ट मीटर का सबसे अधिक फायदा उद्योगों को होगा। केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन के मुताबिक नए स्मार्ट मीटर एक किलोवाट से लेकर 25, 50 और 100 किलोवाट के रहेंगे। इनकी बुकिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी। सबसे पहले कार्यालयों, औद्योगिक क्षेत्रों में मीटर लगाए जाएंगे।




**स्मार्ट मीटरों से सिक्योरिटी सिस्टम होगा बेहतर-** केस्को में एकीकृत राजस्व प्रबंधन प्रणाली लागू हो गई है, जिससे किसी भी बिजली निगम में उपभोक्ता बिल जमा कर सकेंगे। इससे मॉनीटरिंग करना आसान हो जाएगा। केस्को के अधिकारी रेवेन्यू पर नजर रख सकेंगे। इसमें सिक्योरिटी सिस्टम बेहतर रहेगा। किसी भी तरह की सेंधमारी नहीं हो सकेगी। साइबर अपराधी हैक नहीं कर पाएंगे।

**केबल, ट्रांसफार्मर, सबस्टेशन के अपग्रेडेशन पर केस्को खर्च करेगा 40 करोड़-** केस्को की ओर से बिजनेस प्लान 2024-25 के लिए बुधवार को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक की गई। इसमें 40 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पेश किए गए हैं, जिस पर सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। केस्को बिजली तंत्र की सुधार की दिशा में इस बजट को खर्च करेगा। बोर्ड के अधिकारियों ने प्रस्ताव की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

**बैठक में केस्को ने रखे प्रस्ताव, बोर्ड ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट-** केस्को को बिजनेस प्लान के तहत 40 करोड़ का बजट मिला है। इस राशि को खर्च करने के लिए विभाग की ओर से 258 प्लान तैयार किए गए। इसमें ट्रांसफार्मर का रखरखाव, केबल को बदलना, सबस्टेशन का अपग्रेडेशन आदि शामिल है। केस्को के पीआरओ श्रीकांत रंगीला के मुताबिक प्रस्ताव के अनुसार विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

**ये प्रस्ताव रखे गए-** बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई। अधिकारियों के मुताबिक इसमें पेश किए गए प्रस्ताव के अनुसार 6.27 करोड़ रुपये से 33 केवी लाइन की अंडरग्राउंड केबल का काम, 11 केवी वीसीबी, 33 केवी कंट्रोल पैनल, लाइन आइसोलेटर, बैटरी चार्जर आदि के 18 काम होने हैं।

# डिफेंस कॉरिडोर में पहले बनेंगे तोप के गोले, अदाणी समूह ने 1500 करोड़ का किया है निवेश

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में साढ़ के डिफेंस कॉरिडोर में सबसे पहले मार्च से तोप के गोले बनने शुरू हो जाएंगे। अलग-अलग कैलिबर वाली तोपों के गोलों के निर्माण के लिए मशीनरी का सेटअप लगने लगा है। अदाणी समूह ने यहां पर 1500 करोड़ का निवेश किया है। चार शेड में तोप, मशीनगन, मोर्टार, हैंड ग्रेनेड समेत अन्य हथियार बनाए जाएंगे।

अदाणी समूह साढ़ में एम्यूनेशन कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर रहा है। इसके लिए अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को कानपुर नोड में जमीनों का आवंटन कराकर रजिस्ट्री भी करा दी गई है। बाउंड्रीवाल और जमीन के समतलीकरण का काम पहले ही पूरा हो चुका है। यहां पर चार अलग-अलग शेड बनाए जाने हैं। एक शेड बनकर तैयार हो गया और दूसरे का काम शुरू हो गया है। अदाणी समूह ने मेसर्स आग्नेय सिस्टम लिमिटेड कंपनी बनाई है। इस कंपनी ने बुल्गारिया की डिफेंस कंपनी अरमैको जेएससी के साथ करार किया है। जो इस्राइल की तकनीक के जरिये नए-नए हथियार और गोला-बारूद बनाएगी।



**इनका होगा निर्माण-** अलग-अलग कैलिबर के और सभी प्रकार के तोप, मशीनगन, पिस्टल, रिवाल्वर, ग्रेनेड, रॉकेट, मोर्टार बनाए जाएंगे। इसमें 40 एमएमआरपी ग्रेनेड राउंड्स, 40 एमएम लो वेलोसिटी एचई ग्रेनेड, सभी प्रकार के 68, 70,73 एमएम के रॉकेट, सभी प्रकार के 81, 84, 120 एमएम मोर्टार बनेंगे।

**मार्च से तोप के गोले बनने शुरू हो जाएंगे-** सभी उत्पादों की प्रतिवर्ष भार के अनुसार न्यूनतम 50 हजार से 15 लाख पीस उत्पाद तैयार होंगे। उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर में मार्च से तोप के गोले बनने शुरू हो जाएंगे। करीब डेढ़ से दो लाख लोगों को रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि पहले शेड में अलग-अलग तोप के शेल गोले बनाए जाएंगे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in